केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
16 वर्षों से निरंतर....
Website:- www.malwaherald.com
RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com


महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

व्यक्ति को कभी भी मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए क्योंकि जो आज है वो ही सबसे बड़ा मौका हैं.

वर्ष : 16 अंक : 176 | उज्जैन, शनिवार 06 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए

## न्यूज ब्रीफ

### अब बढ़ जाएंगे तंबाकू के दाम! संसद में एक्साइज ड्यूटी लगाने के बिल को मिली मंजूरी



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** संसद ने गुरुवार को तंबाकू और इससे जुड़े उत्पादों पर हाई एक्साइज ड्यूटी लगाने के बिल को मंजूरी प्रदान कर दी, जोकि जीएसटी कंपनसेशन सेस समाप्त होने के बाद लागू होगा। राज्यसभा ने इस विधेयक को लोकसभा में वापस भेज दिया। लोकसभा ने बुधवार को केंद्रीय एक्साइज (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित किया था। राज्यसभा में इस बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयक के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया। सीतारमण ने सदन को बताया कि किसानों को तंबाकू छोड़कर अन्य नकदी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। यह आंध्र, बिहार, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और बंगाल में किया जा रहा है। इन राज्यों में एक लाख एकड़ से अधिक भूमि तंबाकू की खेती से अन्य फसलों की ओर स्थानांतरित हो रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि तंबाकू उत्पादों पर जीएसटी व्यवस्था के तहत 40 प्रतिशत की दर से टैक्स लगाया जाएगा। विधेयक पारित होने के बाद, यह सरकार को तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर केंद्रीय एक्साइज ड्यूटी की दर बढ़ाने का वित्तीय अधिकार प्रदान करेगा। अनमैन्युफैक्चर्ड तंबाकू पर 60-70 प्रतिशत एक्साइज ड्यूटी लगाने का प्रस्ताव है।उधर, गुरुवार को राज्यसभा के कई सदस्यों ने सरकार से तंबाकू, शराब और ऐसे अन्य उत्पादों को प्रमोट करने वाले गुमराह करने वाले विज्ञापन तुरंत बंद करने की मांग की। साथ ही, उन्होंने ऐसे नशीले पदार्थों के इस्तेमाल से होने वाली कैंसर और दूसरी बीमारियों से होने वाली मौतों की चिंताजनक संख्या का भी जिक्र किया। सीतारमण ने गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगात राय की उस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई, जिसमें उन्होंने एक विधेयक पर हिंदी में बोलने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा- मैं हिंदी में बोल सकती हूं, मैं तमिल में बोल सकती हूं, मैं तेलुगु में बोल सकती हूं, मैं अंग्रेजी में बोल सकती हूं।

### पाकिस्तानी जासूसों से जानकारी साझा करने के आरोप में पूर्व सैनिक और महिला गिरफ्तार



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सैन्य प्रतिष्ठानों और कर्मियों के बारे में संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तानी एजेंटों से साझा करने के आरोप में एक सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी और एक महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपित अजय कुमार सिंह को एक पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी ने भारतीय सेना की रेजीमेंटों की गतिविधियों और प्रमुख सैन्य अधिकारियों के स्थानांतरण के बारे में जानकारी देने के लिए मनाया था। जबकि, अन्य आरोपित रश्मणी पाल को कुछ व्यक्तियों को मोहपाश (हनी ट्रैप) में फंसाने के लिए कहा गया था। एटीएस के अनुसार, बिहार के मूल निवासी सिंह को गोवा में गिरफ्तार किया गया। वहां वह 2022 में सेवानिवृत्ति के बाद एक डिस्टिलरी में काम कर रहा था। मूल रूप से उत्तर प्रदेश की निवासी रश्मणी पाल को केंद्र शासित प्रदेश दमन से पकड़ा गया। वहां वह ट्यूशन पढ़ाती थी। एटीएस ने कहा कि अंकिता शर्मा के नाम से काम करने वाली पाकिस्तानी खुफिया अधिकारी सिंह के संपर्क में थी। एटीएस पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ कोरुकोंडा ने बताया कि पाल प्रिया ठाकुर के फर्जी नाम से काम करती थी। कथित रूप से अपने पाकिस्तानी आकाओं के इशारे पर सैन्य कर्मियों से दोस्ती कर उनसे सूचनाएं हासिल करती थी।

# एक बीघा से एक लाख रूपए की कमाई करने वाले किसानों को किया जाए सम्मानित: मुख्यमंत्री

## अद्यतन तकनीक का इस्तेमाल कर बेहतर उपज लेने के लिए ग्राम स्तर पर सघन गतिविधियां संचालित की जाएं

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लखपति दीदी के समान लखपति बीघा का लक्ष्य रखते हुए एक बीघा से एक लाख रूपए की कमाई करने वाले किसानों को भी सम्मानित किया जाए। किसानों को बिचौलियों से बचाने और उन्हें बाजार में अपनी उपज का सीधे लाभ दिलाने के लिए आवश्यक व्यवस्था हो। प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा देने और अद्यतन तकनीक का इस्तेमाल कर बेहतर उपज लेने के लिए ग्राम स्तर पर सघन गतिविधियां संचालित की जाएं। हर संभाग की नर्सरियों को आदर्श रूप में विकसित किया जाए। नरवाई प्रबंधन के लिए तीन वर्ष की कार्ययोजना विकसित की जाए। साथ ही किसानों तक उर्वरक की आसान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अद्यतन तकनीक का उपयोग करते हुए कार्ययोजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान ये निर्देश दिए। बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों तथा नवाचारों का प्रस्तुतिकरण किया गया और आगामी तीन वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि - प्रदेश दालो, तिलहन और मक्का उत्पादन में देश में प्रथम तथा खाद्यान्न, अनाज एवं गेहूं उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर है।

उर्वरक वितरण के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 38.10 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 21.41 लाख मीट्रिक टन डी.ए.पी + एन.पी.के. वितरित किया गया। वर्ष 2025-26 में 29.77 लाख मीट्रिक टन यूरिया और 30 नवम्बर तक 19.42 मीट्रिक टन डी.ए.पी + एन.पी.के. का वितरण हुआ।

प्रधानमंत्री फसल बीमा में वर्ष 2023-24 में 1 करोड़ 77 लाख बीमित कृषकों को 961.68 करोड़ रूपए और वर्ष 2024-25 में 1 करोड़ 79 लाख बीमित कृषकों को 1275.86 करोड़ रूपए के दावे का भुगतान किया गया।

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 4,687 करोड़ रूपए, वर्ष 2024-25 में 4,849 करोड़ रूपए और वर्ष 2025-26 में 3,374 करोड़ की सहायता राशि वितरित की गई।

प्रदेश की सभी 259 मंडियों में ई-मंडी योजना लागू हो चुकी है। इस उपलब्धि के लिए स्कॉच गोल्ड अवार्ड भी प्राप्त हुआ।

मंडी बोर्ड द्वारा एमपी फार्म गेट ऐप से किसान अपने दाम पर, अपने घर, अपने खलिहान और गोदामा से अपनी कृषि उपज बेचने में सक्षम हुआ। इस नवाचार को स्कॉच सिल्वर अवार्ड प्राप्त हुआ।

पराली प्रबंधन के अंतर्गत वर्ष 2023-24 में 1312, वर्ष 2024-25 में 1757 और वर्ष 2025-26 में 2479 नरवाई कृषि यंत्र वितरित किए गए।

कृषि यंत्रीकरण के अंतर्गत भोपाल और इंदौर में ड्रोन पायलट स्कूल आरंभ हुए।

ई-विकास पोर्टल से उर्वरक वितरण का पायलट प्रोजेक्ट विदिशा, शाजापुर और जबलपुर में क्रियान्वित किया गया। इसे सम्पूर्ण प्रदेश में लागू करने की योजना है।

आगामी तीन वर्ष की कार्ययोजना- प्रदेश के सभी 363 नगरपालिका, नगर पंचायतों में साप्ताहिक जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार लगाए जाएंगे।

पर ड्रॉप मोर क्रॉप - दबाव सिंचाई प्रणाली के तहत वर्ष 2025-26 में 25 हजार, वर्ष 2026-27 में एक लाख और वर्ष 2027-28 में दो लाख हेक्टेयर का लक्ष्य है।

नरवाई (पराली) प्रबंधन के अंतर्गत पराली जलाने की घटनाओं में वर्ष 2027-28 तक 80 प्रतिशत तक की कमी लाने का लक्ष्य रखा है।

आगामी दो वर्षों में सभी मंडियों का हाईटेक बनाया जाएगा।

तिलहन, दलहन फसलों में आत्मनिर्भरता के लिए क्षेत्र विस्तार का लक्ष्य रखा गया है।

कृषि में अनुसंधान कार्ययोजनाओं को प्रोत्साहन देते हुए प्रयोगशाला से खेत की दूरी को कम किया जाएगा।

बैठक में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की समीक्षा के दौरान हाईटेक नर्सरी, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों, कृषकों और उद्यमियों की क्षमता संवर्धन के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी दी गई।

## क्या बंगाल में बनेगी बाबरी मस्जिद? HC का दखल देने से इनकार, हुमायूं कबीर ने कहा- मैं नींव रखूंगा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद को लेकर सियासी संग्राम छिड़ गया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मामले में दखल देने से साफ मना कर दिया है। कोर्ट का कहना है कि राज्य में शांति स्थापित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने का काम राज्य सरकार का है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता हुमायूं कबीर ने कल (6 दिसंबर 2025) को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखने का एलान किया है।

6 दिसंबर को ही अयोध्या में विवादित ढांचा गिराया गया था, जिसके बाद हुमायूं बाबर ने इसी तारीख को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखने का एलान किया। मामले पर विवाद बढ़ने के बाद ञ्रस्ट्ट ने हुमायूं को बाहर का रास्ता दिखा दिया। ऐसे में हुमायूं ने ञ्रस्ट्ट की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है।

हुमायूं कबीर के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में मामला दर्ज किया गया था। अंतरिम मुख्य न्यायाधीश ने मामले पर सुनवाई करते हुए इसे राज्य सरकार का मामला करार दिया है।

## वीजा जारी करना किसी सरकार का संप्रभु अधिकार होता है, अमेरिका के फैसले पर जयशंकर का बयान

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि वीजा जारी करना किसी सरकार का संप्रभु अधिकार होता है और अमेरिका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों के आकलन के आधार पर वीजा पर निर्णय लेने का अधिकार रखता है।




उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हाल ही में कई घोषणाएं की हैं। इनमें नवीनतम घोषणा बुधवार को की गई जिसमें वीजा संबंधी निर्णय को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा निर्णय बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि जयशंकर की यह टिप्पणी अमेरिका द्वारा अपनी वीजा जांच प्रणाली को सख्त करने को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है। सोशल मीडिया अकाउंट्स की होगी जांच

इसमें आवेदकों के इंटरनेट मीडिया अकाउंट्स की जांच भी शामिल है। इस कदम से भारतीय आवेदकों पर भी असर पड़ने की संभावना है। जयशंकर ने उच्च सदन को बताया, वीजा जारी करना किसी सरकार का संप्रभु अधिकार होता है। जहां तक अमेरिका की बात है तो वहां की सरकार का मानना है कि प्रत्येक वीजा निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा निर्णय है। इसलिए, वे वीजा पर निर्णय लेने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, जो किसी व्यक्ति विशेष की स्थिति के अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा निहितार्थों के उनके आकलन पर आधारित होता है।

जयशंकर ने कहा, इसके अलावा, उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह भी कहा है कि जहां तक छात्र वीजा का सवाल है, तो वे सभी आवेदकों से अपनी इंटरनेट मीडिया सेटिंग्स को गोपनीयता सेटिंग्स से सार्वजनिक सेटिंग्स में समायोजित करने के लिए कहेंगे ताकि वे उन लोगों की इंटरनेट मीडिया पोस्टिंग की जांच कर सकें जिनके पास संभावित रूप से या वास्तव में अमेरिका में वीजा है। यह एक ऐसा रुख है जो उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपनाया है।

## उल्लू के 5 अंडों ने महीने भर रोक दिया खदान का काम

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** तेलंगाना के विकाराबाद जिले में पर्यावरण-हितैषी पहल के तहत पत्थर की खदान में लगभग एक महीने के लिए खनन रोक दिया गया है ताकि दुर्लभ राक ईगल उल्लू को अपने अंडों को सेने में कठिनाई न हो। राक ईगल उल्लू अंडों को सेता है और सुनिश्चित करता है कि वे गर्म रहें।



तेलंगाना वन विभाग ने वन्यजीव फोटोग्राफर और संरक्षणकर्ताओं द्वारा उल्लू और अंडों की मौजूदगी के बारे में सूचित किए जाने के बाद यह कार्रवाई की। विकाराबाद जिले के वन अधिकारी ज्ञानेश्वर ने बताया कि वन्यजीव फोटोग्राफर मनोज कुमार विट्टापु ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) सी. सुवर्णा को राक ईगल उल्लू और इसके पांच अंडों की उपस्थिति के बारे में बताया। खनन कार्य एक महीने के लिए रोका गया

पीसीसीएफ ने वन अधिकारियों को तुरंत सुरक्षा उपाय करने के लिए कहा। वन विभाग के कर्मियों ने वहां पहुंचकर पत्थर तोड़ने वाली यूनिट के मालिक लक्ष्मा रेड्डी को अंडों के बारे में बताया। लक्ष्मा रेड्डी इस बात पर राजी हो गए कि जब तक उल्लू के बच्चे उड़ने लायक नहीं हो जाते, वे पक्षी को परेशान नहीं करेंगे।

दुर्लभ राक ईगल उल्लू का संरक्षण- तब से वन विभाग के कर्मचारी पक्षी पर कड़ी नजर रख रहे हैं।राक ईगल उल्लू मुख्य रूप से दक्षिण पूर्व एशिया में पाया जाता है। यह कीटों, चूहों का शिकार पर निर्भर रहता है।

### हम यहां चिल्लाने नहीं आए हैं, संसद में हंगामे पर शशि थरूर ने अपनी ही पार्टी की लगा दी क्लास



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** मोदी सरकार की तारीफ करने और कांग्रेस की बैठकों में ना शामिल होने को लेकर शशि थरूर पिछले कुछ दिनों से पार्टी नेताओं के निशाने पर हैं। लोकसभा में उन्होंने एक बार फिर पार्टी नेताओं के साथ अनबन को खुलकर जाहिर कर दिया। लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के दौरान शशि थरूर अपने ही नेताओं को नसीहत देने लगे। उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही को ठीक से चलने देना चाहिए। थरूर ने कहा, मैंने शुरू से ही कहा है। सोनिया गांधी जी समेत मेरी पार्टी के सभी नेता जानते है। हो सकता है कि मैं अपनी पार्टी में अकेला ऐसी बात करने वाला हूं। लेकिन हमारी जनता ने हमें संसद में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए भेजा है। इस तरह से हंगामा करने और चिल्लाने के लिए नहीं भेजा है। जनता ने हमें उनकी समस्याओं को संसद में रखने के लिए यहां भेजा है।

बता दें कि संसद का शीत सत्र शुरू होने के साथ ही विपक्ष ने कई मुद्दों को लेकर हंगामा शुरू कर दिया है। विपक्ष का कहना है कि संसद में एसआईआर को लेकर चर्चा होनी चाहिए। बीते दिनों एसआईआर को लेकर ही कांग्रेस की एक रणनीतिक बैठक में थरूर नहीं पहुंचे थे। बैठक के एक दिन बाद ही वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में पहुंच गए। इसके बाद संसद के शीतसत्र को लेकर बनाई जाने वाली योजनाओं पर कांग्रेस की बैठक में भी शशि थरूर नहीं पहुंचे।

## देश के हित में है वन नेशन वन इलेक्शन, JPC की बैठक में और क्या बोले अध्यक्ष?



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** एक राष्ट्र, एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति (जेडीपीसी) की तीन घंटे चली बैठक गुरुवार को समाप्त हुई। संयुक्त समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार देश के हित में है क्योंकि यह कई समस्याओं का समाधान करेगा, चाहे वह आर्थिक पहलू हो या शासन।

बैठक के बाद जेडीपीसी की अध्यक्ष पीपी चौधरी ने जोर देकर कहा कि समिति सब कुछ विचार करने के बाद अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी। उन्होंने कहा, भारत के विधि आयोग के अध्यक्ष समेत कई विशेषज्ञ आए और बैठक तीन घंटे तक चली। सभी सदस्यों ने स्पष्टीकरण मांगा और फिर सब कुछ पर विचार किया जाएगा और समिति अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी।

# पाजलुस्ता पुतिन, भारत ने बिछाए पलक पांवड़े; पीएम मोदी ने प्रोटोकोल तोड़कर रूसी राष्ट्रपति का किया स्वागत

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने बहुप्रतीक्षित भारत दौरे पर पहुंच चुके हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने और दुनिया के भू-राजनीतिक समीकरण में 360 डिग्री बदलाव के साथ भारत के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ तल्खी भरे रिश्तों के बीच उनकी इस यात्रा पर पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हैं।



अपने सदाबहार दोस्त को यहां पाकर भारतीय जनमानस आह्लादित है। 27 घंटे के पुतिन के इस दौरे पर पहुंचने के बाद सामान्य प्रोटोकाल तोड़कर भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पालम एयरपोर्ट पर पहुंचकर उनकी आगवानी करना और उनसे गले मिलना, देशवासियों के उन्हीं मनोभावों की अभिव्यक्ति है।

राष्ट्रपति पुतिन के स्वागत में पूरा देश उत्साहित है। कहीं यज्ञ, कहीं हवन तो कहीं भारत-रूस मित्रता की कहानियां कही-सुनी जा रही हैं। सचमुच पूरा देश कह रहा है पाजलुस्ता राष्ट्रपति पुतिन यानी राष्ट्रपति पुतिन आपका हमारे देश में स्वागत है।चार वर्षों बाद भारत की ऐतिहासिक यात्रा पर पहुंचे पुतिन का भव्य स्वागत किया गया। शाम 6.45 बजे उनका विमान दिल्ली स्थित पालम एयरपोर्ट पर उतरा।

साथ में किया डिनर- इसके बाद दोनों नेता जापानी कार कंपनी टोयोटा की एसयूवी से एक साथ हवाई अड्डे से निकले। कुछ ही देर बाद राष्ट्रपति पुतिन को लेकर प्रधानमंत्री मोदी सात, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर पहुंचे। यहां पर दोनों नेताओं ने कुछ गिने चुने अधिकारियों के साथ रात्रि भोज किया।

पुतिन का स्वागत करने के बाद मोदी ने एक्स पर लिखा कि, अपने मित्र पुतिन का भारत में स्वागत करके काफी खुशी हुई। आज शाम और कल हमारे बीच होने वाले विमर्श का मैं इंतजार कर रहा हूं। भारत-रूस की मित्रता समय की कसौटी पर खरी उतरी है और इसने हमारे दोनों देशों के लोगों को बहुत लाभ पहुंचाया है।

मोदी और पुतिन के बीच रात्रिभोज के दौरान होने वाली बातचीत के बारे में देर रात खबर लिखे जाने तक आधिकारिक या गैर-आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन बताते हैं कि इस दौरान मोदी और पुतिन के बीच भारत-रूस संबंधों से जुड़े मुद्दों के अलावा अन्य बहुराष्ट्रीय समसामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही शुक्रवार को होने वाले 23वें भारत-रूस सालाना सम्मेलन में होने वाले कुछ समझौतों को अंतिम रूप दिया गया।

विदेश मंत्रालय की तरफ से यही बताया गया कि दोनों नेताओं ने जुलाई, 2024 में भी सालाना शिखर सम्मेलन से पहले निजी तौर पर आपसी बातचीत की थी। यही नहीं शंघाई सहयोग संगठन की चीन के तियानजिन में हुई बैठक के दौरान भी पुतिन की कार में दोनों नेताओं ने एक साथ यात्रा की थी और काफी देर तक कार के अंदर ही विमर्श किया।

राष्ट्रपति पुतिन की यह भारत यात्रा मौजूदा वैश्विक हालात और भारत-अमेरिका संबंधों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए अहम है। यूक्रेन से युद्ध के बाद भारत ने रूस से काफी ज्यादा मात्रा में कच्चे तेल की खरीद की है। इससे अमेरिका व यूरोपीय देश काफी नाराज हैं।



# क्राइम ब्रांच इंदौरः वर्ष 2025 में ऑनलाइन फ्रॉड पीड़ितों को दिलाए 14 करोड़ 33 लाख रुपये

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सायबर अपराधों पर लगाम कसते हुए क्राइम ब्रांच इंदौर ने वर्ष 2025 में उल्लेखनीय सफलता दर्ज की है। ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार लोगों को राहत दिलाते हुए क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीमों ने जनवरी से नवंबर 2025 तक कुल 14,33,57,247 की राशि पीड़ितों को वापस कराई। इस अवधि में लगभग 4500 साइबर फ्रॉड शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई कर पीड़ितों को न्याय दिलाया गया।

क्राइम ब्रांच ने न केवल वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से कार्यवाही की, बल्कि साइबर अपराधियों द्वारा उपयोग किए जा रहे हजारों फर्जी बैंक खातों को भी फ्रीज किया। इसके अलावा 250 से अधिक हैक किए गए सोशल मीडिया अकाउंट को रिकवर कराया गया तथा 300 से अधिक फर्जी अकाउंट–जो आवेदकों के नाम व फोटो का दुरुपयोग कर बनाए गए थे–ब्लॉक करवाए गए।




जनवरी से नवंबर 2025 तक महीनेवार रिफंड राशि भी उल्लेखनीय रही। जनवरी में जहां 70,32,307 की राशि वापस कराई गई, वहीं नवंबर में यह आंकड़ा बढ़कर 1,72,38,907 तक पहुंच गया। वर्ष के मध्य महीनों में सबसे अधिक रिफंड दर्ज हुआ, जिसमें मई, जून और जुलाई में क्रमशः 1,73,04,552, 1,86,62,205, और 1,78,82,194 की राशि दिलवाई गई।

सबसे अधिक जिन प्रकार के साइबर फ्रॉड मामलों की शिकायतें प्राप्त हुईं, उनमें इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, टास्क-ट्रेडिंग और गेमिंग के नाम पर धोखाधड़ी, बैंक अधिकारी बनकर KYC या क्रेडिट लिमिट अपडेट के नाम पर ठगी, तथा डेटिंग और मैट्रिमोनियल साइट्स के माध्यम से ऑनलाइन फर्जीवाड़ा शामिल हैं।

क्राइम ब्रांच की साइबर जागरूकता टीम ने शहर में लाखों लोगों को साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जागरूक किया है। इंदौर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी ऑनलाइन लिंक, कॉल या ऑफर पर भरोसा करने से पहले सावधानी बरतें। साथ ही पुलिस कमिश्नरेट के Safe Clicks – AI Agentic Solutions (Chatbot) का उपयोग कर जागरूकता बढ़ाने की सलाह दी गई है। इसके लिए आमजन https://safeclicks.in वेबसाइट पर जा सकते हैं या मोबाइल नंबर 7049108197 पर संपर्क कर सकते हैं।

यदि किसी के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत सायबर हेल्पलाइन 7049124445, राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1930, या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्पलेक्स की सभी आवंटित दुकानों की किराया वसूली डिजिटल माध्यम से की जाए- संभागायुक्त डॉ. खाड़े

### संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में दुकानों के संचालन को लेकर बैठक सम्पन्न




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में शुक्रवार को गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स इंदौर की दुकानों के संचालन को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में माफी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री कल्याणी पाण्डे, उपायुक्त श्रीमती शैली कनास एवं उपायुक्त राजस्व श्रीमती सपना लोवंशी शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की समस्त आवंटित दुकानों की किराया वसूली को डिजिटल माध्यम से किया जाए। दुकानों के लीज एग्रीमेंट के सम्पादित करने के लिए शिविर आयोजित किए जाए। साथ ही समस्त आयुक्त मंदिरों की आधारभूत एवं बजट जानकारी संबंधी एकत्रित की जाए।

## सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े की अध्यक्षता में हुई विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में इंदौर विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विमानतल प्रबंधन समिति द्वारा रखें गए विषय के सम्बंध में सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि इंदौर नगर निगम क्षेत्र के आसपास आने वाली 8 पंचायतों में स्वच्छता के कार्य प्रारम्भ होंगे। प्रबंधन समिति ने एयरपोर्ट की सीमा से लगे क्षेत्र में कचरा, अनावश्यक खाद्य पदार्थो का संग्रहण और फलों वाले बड़े-बड़े पेड़ो की समय पर कटाई आदि के सम्बंध में चर्चा के लिए बिंदु रखें गए। प्रबंधन द्वारा एयरपोर्ट के दायरे में अनावश्यक रूप से पक्षियों के रहवास तथा उड़ने की गतिविधियों को रोकने के लिए वन विभाग और नगर निगम द्वारा आवश्यक सहयोग मांगा।

एयर ट्रैफिक में व्यवधान को दूर करने के प्रयास आवश्यक- इंदौर एयरपोर्ट अथॉरिटी द्वारा बताया गया कि एयर पोर्ट के आस पास के क्षेत्र में पक्षियों के उड़ान की गतिविधिया बढ़ रही है। इसके लिए ऐसे उपाय की ये जाए कि जिससे पक्षी आकर्षित न हो। पर्यावरण की शुद्धता से भी यह आवश्यक है। बताया गया कि 2012 में पक्षियों की उड़ान की गतिविधियां 6 देखी गई, जबकि इस वर्ष 2025 में सबसे अधिक 26 गतिविधियां देखी गई है। जो एयर ट्रैफिक के नजरिये से ठीक नहीं है। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने वन और नगर निगम दोनों विभागों को इसको दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने एयरपोर्ट सीमा क्षेत्र के पेड़ों की कटाई के अलावा विभिन्न होटल्स व रेस्टोरेंट द्वारा फैलाई जा रही गंदगी को दूर करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। बैठक में इंदौर एयरपोर्ट निदेशक श्री सुनील मग्गिरवार, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री हेमंत गुप्ता, एयरलाइन्स प्रबन्धक सहित भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण इंदौर विमानतल के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## इंदौर में ट्रैफिक पुलिस का वृहद यातायात जागरूकता अभियान, नवंबर में 41 कार्यक्रमों से लाखों लोग हुए जागरूक



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा नवंबर माह में व्यापक यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आर.के. सिंह तथा डीसीपी ट्रैफिक आनंद कलादगी के निर्देशन में इस अभियान ने पूरे शहर में सड़क सुरक्षा का बड़ा संदेश पहुंचाया।

नवंबर में ट्रैफिक पुलिस ने कुल 41 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 12,875 नागरिक प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए। इन कार्यक्रमों में सड़क सुरक्षा नियम, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग, सुरक्षित ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग के खतरे और ट्रैफिक अनुशासन जैसे विषयों पर लोगों को विस्तार से समझाया गया। साथ ही हेलमेट वितरण और वाहन चालकों से संवाद के माध्यम से भी सुरक्षा के संदेश को मजबूत किया गया। ट्रैफिक प्रहरी अभियान को भी नागरिकों का उल्लेखनीय समर्थन मिला, जिसके तहत करीब 2,000 नागरिकों ने स्वयं आगे बढ़कर चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभालने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने में सहयोग दिया। सड़क सुरक्षा में विशेष योगदान देने वालों को हर मंगलवार उत्कृष्ट ट्रैफिक प्रहरी सम्मान से नवाजा गया।

शहर में पिछले 20 दिनों से चल रहा डिजिटल ट्रैफिक जागरूकता रथ भी अभियान की बड़ी विशेषता रहा। बाईपास, रिंग रोड, बड़े चौराहों और ब्लैक स्पॉट्स पर यह रथ वीडियो प्रेजेंटेशन, एनिमेटेड क्लिप्स और सड़क सुरक्षा गीतों के माध्यम से लाखों लोगों को जागरूक कर रहा है। नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे अत्यंत प्रभावी बताया।

यातायात पुलिस द्वारा संचालित ट्रैफिक की पाठशाला ने स्कूलों और कॉलेजों में छात्रों को सुरक्षित यातायात के नियमों से अवगत कराया। पुलिस अधिकारियों ने स्वयं संस्थानों में पहुंचकर युवाओं को हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल ड्राइविंग और पैदल यातायात नियमों की गंभीरता समझाई। बच्चों में सड़क सुरक्षा की शुरुआत बचपन से हो, इसके लिए बाल ट्रैफिक प्रहरी कार्यक्रम के तहत ट्रैफिक पार्क में खेल-खेल में सुरक्षा के पाठ पढ़ाए गए।

आईटीएमएस कैमरों से जुड़े पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम ने भी यातायात निर्देश प्रसारित करते हुए हजारों वाहन चालकों को समय-समय पर सचेत किया। इसके साथ ही ट्रांसपोर्टर, स्कूल बस ऑपरेटर, व्यापारी संगठन, विवाह स्थल संचालक और डिलीवरी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सुरक्षित यातायात को लेकर सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया।

इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने नागरिकों की सक्रिय सहभागिता को अभियान की सबसे बड़ी शक्ति बताया है और शहरवासियों से अपील की है कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें तथा दूसरों की सुरक्षा का माध्यम बनें। सुरक्षित इंदौर के लक्ष्य को पूरा करने में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के बयान पर अदालत ने पुलिस से रिपोर्ट मांगी



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश में एक आईएएस अधिकारी के कथित विवादित बयान को लेकर मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इंदौर की एक स्थानीय अदालत ने गुरुवार को इस मामले में दाखिल शिकायत पर संज्ञान लेते हुए तुकोगंज पुलिस थाने के टीआई को 20 जनवरी तक स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई भी 20 जनवरी को होगी। शिकायत एक स्थानीय वकील की ओर से दर्ज कराई गई है, जिसमें ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता अधिवक्ता शैलेन्द्र द्विवेदी ने अदालत को बताया कि हाल ही में मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बने आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा ने पिछले महीने भोपाल में हुए एक कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समुदाय की बेटियों को लेकर अशोभनीय, अभद्र और समाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली टिप्पणी की थी। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि इस बयान से दो समुदायों के बीच तनाव और वैमनस्य फैलाने की स्थिति पैदा हुई। वकील के अनुसार उन्होंने तुकोगंज थाने में लिखित शिकायत दी थी, लेकिन पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न किए जाने के कारण उन्हें अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए पुलिस से पूरे घटनाक्रम की प्रगति रिपोर्ट मांगी है। वहीं, राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने भी 26 नवंबर को आईएएस अधिकारी को शो-कॉज नोटिस जारी किया था, जिसमें पूछा गया कि उनके विवादित बयान पर विभागीय कार्रवाई क्यों न की जाए।

## अग्निपथ योजना अंतर्गत अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन सम्पन्न

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अग्निपथ योजना अंतर्गत अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन जिला प्रशासन एवं आर्मी रिकुटमेन्ट ऑफिस महू के निर्देशन में हुआ। यह आयोजन 20 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2025 तक खण्डवा रोड़ स्थित तक्षशिला परिसर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर (स्पोर्ट ग्राउन्ड) में किया गया। भर्ती रैली में इन्दौर एवं उज्जैन सम्भाग के 15 जिलों के 6330 युवाओं ने भाग लिया। रैली में युवाओं को 1600 मीटर दौड़ तथा कड़े शारिरिक मापदण्डों से गुजरना पडा। लगभग 3500 से अधिक अभ्यर्थियों ने 1600 मीटर दौड़ को सफलतापूर्वक पूरा किया। अभ्यर्थियों के सभी दस्तावेजों की भी गहनता से जाँचा गया। सभी मापदण्डों पर परखे जाने के बाद लगभग 3000 अभ्यर्थियों को मेडिकल जॉच के लिये चुना गया, जो कि अगले तीन से चार सप्ताह तक चलेगी। उक्त आयोजन के लिये जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर के उप संचालक श्री पी.एस. मण्डलोई को जिला प्रशासन द्वारा रैली स्थल की समस्त स्थानीय व्यवस्थाओं का दायित्व सौंपा गया था। सेना के भर्ती अधिकारी एवं जिले के अन्य विभागों से समन्वय से अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ।

## होमगार्ड का स्थापना दिवस आज

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस 6 दिसम्बर को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 11 बजे होमगार्ड लाईन बिशप हाउस व्हाईट चर्च के पास इंदौर में स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे परेड का निरीक्षण करेंगे, परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर आकर्षक परेड आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में सिविल डिफेंस द्वारा आत्मरक्षा संबंधी नाटिका का प्रस्तुतिकरण होगा। साथ ही एसडीईआरएफ द्वारा मॉकड्रिल की जाएगी और उपकरणों की प्रदर्शनी आयोजित होगा।

## मंत्री श्री सिलावट के प्रयासों से सांवेर को अनुपूरक बजट में मिली एक सड़क और सेंटर लाईटिंग की सौगात

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि मध्यप्रदेश विधानसभा में पारित अनुपूरक बजट में सांवेर विधानसभा को एक और बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्र में दो बड़े विकास कार्यों के लिये बारह करोड़ रूपये से अधिक राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि साढे चार करोड़ रूपये की लागत से ग्राम कदवाली खुर्द से पलासिया तक 4 किलोमीटर के सड़क निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसी प्रकार साढे सात करोड़ रूपये से ज्यादा की लागत से टाटा शो रूम के सामने एबी रोड लसुडिया, पुराना एबी रोड निरंजनपुर चौराहा से मांगलिया तक सेंटर डिवाइडर निर्माण और सेंटर लाईटिंग कार्य की स्वीकृति मिली है। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि कदवाली खुर्द से पलासिया तक सड़क निर्माण होने से क्षेत्र के हजारों रहवासियों को लाभ होगा। इस सडक की स्वीकृति से सिलोटिया, मण्डलावदा, डकाच्या, शिप्रा, अर्जुन बरोदा, भौण्डवास, फरसपुर, मेलकलमा बीसाखेडी व्यासखेडी, जाना जलोद, पानोड, जगमाल पिपलिया के पचास हजार से अधिक गामीण लोगों को सीधा लाभ होगा।

## जोन-2 पुलिस की सख्त कार्रवाई और जनसहभागिता से बढ़ी सुरक्षा, नशे और असामाजिक तत्वों पर कसती लगाम



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व और डीसीपी जोन-2 कुमार प्रतीक के निर्देशन में जोन-2 पुलिस लगातार प्रभावी अभियानों के माध्यम से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था मजबूत बना रही है। जनता की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए जोन-2 के सभी थानों में वरिष्ठ अधिकारियों, थाना प्रभारियों और बीट प्रभारियों के मोबाइल नंबर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित कर दिए गए हैं, ताकि नागरिकों को आवश्यक सहायता समय पर और सहजता से मिल सके।

जोन-2 पुलिस नशा करने वाले, शराब पीकर वाहन चलाने वाले तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। विशेष अभियान के दौरान सक्रिय अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों और निगरानी बदमाशों पर सख्त नजर रखी जा रही है। प्रतिबंधित चाइनीज़ मांझा की बिक्री रोकने के लिए क्षेत्र में व्यापक सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है, दुकानों और गोदामों की जांच की जा रही है और अवैध बिक्री करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। मोहल्ला मीटिंग्स के माध्यम से नागरिकों को प्रतिबंधित मांझा का उपयोग न करने की समझाईश भी दी जा रही है।

जोन-2 में सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए ड्रोन पेट्रोलिंग की व्यवस्था शुरू की गई है। भीड़भाड़ वाले इलाकों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की गई है। ड्रोन पेट्रोलिंग से पुलिस को रियल-टाइम जानकारी मिल रही है, जिससे त्वरित प्रतिक्रिया और अपराध नियंत्रण दोनों अधिक प्रभावी हो रहे हैं।

जनता से संवाद और भरोसे के रिश्ते को मजबूत करने के लिए जोन-2 के सभी थाना क्षेत्रों में लगातार मोहल्ला मीटिंग्स और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वरिष्ठ अधिकारी स्वयं नागरिकों से मिलकर उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान कर रहे हैं। इन बैठकों में लोगों को नशे के दुष्परिणाम, अपराध नियंत्रण और सुरक्षित वातावरण बनाने के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को डायल-112 और क्राइम वॉच हेल्पलाइन 7049108283 पर तत्काल सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

जोन-2 में नशे और यातायात नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध भी सख्त अभियान चलाया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले 28 चालकों पर कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त किए गए और MV Act की धारा 185 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। इसके अलावा बिना नंबर प्लेट और अन्य यातायात उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भी कई मामलों में कार्रवाई की गई।

जोन-2 पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अवैध कार्य की सूचना तुरंत पुलिस को दें। पुलिस का कहना है कि सुरक्षित और समृद्ध समाज के निर्माण में जनता की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है और सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

जोन-2 पुलिस के इस अभियान में डीसीपी कुमार प्रतीक, एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह, एसीपी विजयनगर राजकुमार सराफ, एसीपी खजराना कुंदन मंडलोई, एसीपी परदेशीपुरा हिमानी मिश्रा सहित सभी थाना प्रभारी और संबंधित पुलिस बल सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## द्वितीय अनूपूरक बजट में 13476.94 करोड़ के प्रावधान से विभिन्न वर्गों का होगा कल्याण

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के स्वप्न को विकसित मध्य प्रदेश बनाकर साकार करेंगे। हमारे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। विकसित भारत बनाना केवल एक मिशन नहीं हमारा धर्म भी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मध्य प्रदेश विधानसभा के सत्र के समापन अवसर पर सदन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि विधानसभा प्रजातंत्र का मंदिर है।अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी ने कुशलता के साथ सदन का संचालन किया है, जो अभिनंदन है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष और विपक्ष प्रजातंत्र की धुरी है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने नेता प्रतिपक्ष को भी धन्यवाद दिया कि उनके नेतृत्व में विपक्ष ने पूरे सत्र में सकारात्मक चर्चा की और अपने प्रश्नों एवं उद्बोधनों से लाभान्वित किया।

द्वितीय अनुपूरक के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 13,476.94 करोड़ का प्रावधान किया गया है जिसमें अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित होगी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए 4000 करोड़, उपार्जन संस्थाओं को ऋृण देने के लिए 2000 करोड़, लाडली बहना योजना के लिए 1794 करोड़, पंचायत विभाग के अंतर्गत 15वें वित्त आयोग के दिए 1,633 करोड़ और उद्योग, कृषि और अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों के लिए सदन ने राशि स्वीकृत की है।

अनूपूरक बजट की विशेषताएं- द्वितीय अनुपूरक अनुमान में कुल ? 13476.94 करोड़ का प्रावधान

विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं

जरूरतमंद को आवास देना प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता

प्रधानमंत्री आवास योजना में 4000 करोड़ का प्रावधान. आगे और भी करने का प्लान

बहनों को आर्थिक रूप से और ज्यादा सक्षम बनाने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1794 करोड़ का प्रावधान

मध्य प्रदेश का परफॉर्मेंस देखते हुए 15वें वित्त आयोग का विशेष सहयोग

मूलभूत जन सुविधाओं के लिये स्थानीय निकायों को 1633 करोड़ का प्रावधान

मध्यप्रदेश पूंजीगत व्यय में सदैव अग्रणी

अधोसंरचना विकास के लिए बजट में कोई कमी नही

पूंजीगत मद में 5028.37 करोड़ का प्रावधान

मुख्य बजट 4 लाख 21 हजार 32 करोड़ रुपये का बजट था. यह अब तक का सबसे बड़ा बजट

गरीब, महिला, किसान और युवा सभी वर्गों की बेहतरी के लिए सरकार आगे बढ़ रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन स्वीकृतियों से मध्य प्रदेश विकास के पथ पर तेज गति से अग्रसर होगा। इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण विधेयक मध्य प्रदेश नगर पालिका संशोधन विधायक 2025 प्रस्तुत हुआ, जिसमें नगर पालिकाओं और नगर पंचायत में अध्यक्ष का निर्वाचन प्रत्यक्ष प्रणाली से करने का प्रावधान किया गया है। निश्चित रूप से इससे वर्तमान में निकायों में कार्य करने में आ रही समस्याओं में काफी कमी आएगी और ये निकाय स्वतंत्र रूप से ओर भी तेज गति से कार्य कर सकेंगे।

पक्ष और विपक्ष दोनों का आभार माना मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने- मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों को धन्यवाद दिया जिसके कारण यह सत्र गरिमामय ढंग से संचालित हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश विधानसभा का स्वर्णिम इतिहास रहा है। इस सत्र से इसमें एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। प्रदेश की जनता की आकांक्षाओं के प्रति सदन में हम उपस्थित हैं और केवल निवेश की बात नहीं कर रहे, मध्य प्रदेश के भाग्य और भविष्य की नींव रख रहे हैं।

## संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने तम्बाकू नियंत्रण मार्गदर्शिका का विमोचन किया



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने शुक्रवार को तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण मार्गदर्शिका के 7वें संस्करण का विमोचन किया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश वॉलन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक श्री मुकेश कुमार सिन्हा, कैंसर सर्जन एवं ऑन्कोलॉजिष्ट डॉ. एस.एस. नय्यर एवं श्रीआनंद वर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने श्री सिन्हा के द्वारा मध्यप्रदेश वॉलन्ट्री हेल्थ एसोसिएशन के बारे में जानकारी प्राप्त की।

## कलेक्टर श्री वर्मा ने स्कूली बच्चों को किये स्वेटर वितरित



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर एकीकृत पाठशाला, शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 22 (सीआरपी लाइन) में आज स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रेरक सामाजिक पहल में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सहभागिता करते हुए बच्चों को स्वेटर वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम समाजसेवी डॉ. प्रेमकुमारी नाहटा की प्रेरणा से सेवानिवृत्त चिकित्सकों के समूह द्वारा आयोजित किया गया। स्वेटर वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाए। ठंड से प्रभावित नहीं हो और ठंड के कारण कोई भी बच्चा स्कूल की छुट्टी नहीं करें। समाज सेवा की यह पहल विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वर्मा ने स्कूली बच्चों से सीधा संवाद किया। बच्चों से कहा कि वे नियमित रूप से स्कूल जाए।

# शामगढ़ में नाबालिग छात्रा का वीडियो बनाकर 2 लाख ऐंठे, फिर कर दिया वायरल, चक्काजाम एवं हंगामा हुआ



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शामगढ़ नगर में नाबालिग हिन्दू छात्रा का चाकू की नोक पर अश्लील वीडियो बनाने और फिर ढाई लाख रुपए लेने के बाद भी उसे वायरल करने का मामला सामने आया है। इस वारदात को दो नाबालिग मुस्लिम युवकों ने अंजाम दिया। जिसके बाद शहर में तनाव फैल गया। घटना के विरोध में गुस्साए लोगों ने शहर बंद करते हुए बड़ी संख्या में थाने के सामने प्रदर्शन किया और आरोपियों के मकान तोड़ने और तत्काल उनकी गिरफ्तारी की मांग की। जिसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। वहीं प्रशासन ने आरोपियों के घर का नल का कनेक्शन काट दिया है और उनके मकान के अवैध हिस्से को गिराने की तैयारी करते हुए नगर पालिका की टीम ने उनके मकान की नपती की।

शामगढ़ पुलिस के अनुसार आरोपी युवक पीड़िता का पुराना दोस्त था और 6 नवंबर को जब लड़की के घर पर कोई नहीं था, आरोपी चाकू लेकर पीड़िता के घर में घुस गया और चाकू की नोक पर धमकाते हुए पुराने फोटो वायरल करने की धमकी दी। इसके बाद जबरन उसका अश्लील वीडियो बनाया। इसके बाद उससे ढाई लाख रुपए भी वसूले। लेकिन जब पीड़िता ने आगे पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी ने गुरुवार को यह अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़िता ने इस बात की जानकारी परिजनों को दी और थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने दोनों नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना से नगर में तनाव और भारी आक्रोश है। इसके चलते पूरा शामगढ़ नगर बंद है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। थाना चौराहे पर आक्रोशित लोगों ने घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। जिसके बाद सीतामऊ एसडीओपी दिनेश प्रजापति और गरोठ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरिल ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया।

# कृषि विज्ञान केन्द्र ने कनघट्टी में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस पर दी कृषि तकनीकियों की जानकारी



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 5 दिसंबर को मल्हारगढ़ विकासखंड के ग्राम कनघट्टी में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। मृदा की स्वास्थ्य और उपजाऊ बनाए रखने के लिए डॉ. जी. एस. चुंडावत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र ने किसानों को फसल चक्र, फसल विविधीकरण, संतुलित उर्वरकों, कृषि अपशिष्ट प्रबंधन आदि पर विस्तार पूर्वक तकनीकी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में कहा कि जिस प्रकार खेत का पानी खेत में एक नारा बुलंद किया गया था उसी प्रकार से संपूर्ण कृषक समुदाय को 'खेत का कचरा खेत में' के नारे को बुलंद करते हुए अमल करना चाहिए, ताकि विकृति हुई मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा को बढ़ाया जा सके जिससे टिकाऊ खेती की जा सके एवं अन्य प्रकार की रासायनिक एवं उर्वरकों के दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। फसलों की उत्पादन लागत को घटाया जा सके। सभी उपस्थित कृषक भाइयों ने एक मत से सहमति जताई कि हम सभी पराली को नहीं जलाएंगे एवं उसका उपयोग कंपोस्ट एवं केंचुआ खाद बनाकर के पुनः खेतों में उपयोग करेंगे। साथ ही साथ रासायनिक उर्वरकों को धीरे धीरे कम करते हुए जैविक एवं प्राकृतिक खेती पर जोर देंगे और सबसे पहले घर परिवार को स्वच्छ एवं जहर मुक्त भोजन उपलब्ध कराएंगे। और धीरे-धीरे प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ते हुए अन्य उपभोक्ताओं को भी जहर मुक्त भोजन उपलब्ध उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे। इस गांव में अध्ययनरत कृषि संकाय के विद्यार्थियों ने भी मृदा स्वास्थ्य जांच पत्रक को पढ़ने एवं अपने परिवार को उसके अनुरूप संतुलित तत्वों मात्रा में एवं आवश्यक पोषक तत्वों को ही प्रयोग करने की सलाह देंगे जिससे फसलों की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में वृद्धि की जा सके एवं लागत को कम किया जा सके।

## गरीब दुकानदारों को वैकल्पिक स्थान उपलब्ध करवाएं प्रशासन-पूर्व विधायक यशपालसिंह ने सीएमओ को लिखा पत्र

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे से कालीदास मार्ग-घंटाघर सदर बाजार मार्ग को आदर्श सड़क के रूप में विकसित किये जाने के निर्णय के कारण इस मार्ग पर वर्षो से फुटपाथ, ठेलेवाले व गुमटी के माध्यम से व्यापार व्यवसाय करने वाले छोटे गरीब तबके के लोगो को हटा दिया गया है। इनमे से कई व्यवसायी 30-40 वर्षों पूर्व से ही इस मार्ग पर अस्थायी रूप में व्यापार-व्यावसाय कर रहे थे। इनमें से कुछ लोग शासन की योजना के अंतर्गत कर्ज लेकर, स्ट्रीट वेंडर तथा हॉकर्स जोन के रूप मे भी स्थापित थे, वर्षों पूर्व घंटाघर डिवाईडर के सामने बैठने वाले पुराने कपडे क्रय करने वाले गरीब परिवार के लोगों को तत्कालीन प्रशासन ने हटाकर नेहरू बस स्टेण्ड पर स्थान दिया था, उन्हें भी 20 वर्ष बाद पुनः फिर हटा दिया गया। आपने पिछले चार दिनों से इस अभियान में मैदान मे रहकर अतिक्रमण हटाया है।

यह बात पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया ने सीएमओ अनीता चौकोटिया को लिखे पत्र में कही है। सिसौदिया ने कहा कि अतिक्रामको को अतिक्रमण की परिभाषा में मानते हुये, जो वर्षो से स्थापित होकर अपना पेट पालते हुये परिवार को जैसे-तैसे अपनी रोजी-रोटी के लिये काम करते है, उन्हें यदि हटाया जाता है तो उन्हे पुनः स्थापित करते हुये वैकल्पिक स्थान भी उपलब्ध कराया जाता है, यह व्यवस्था भी है और मानवीय संवेदना भी। सिसौदिया ने कहा कि मेरा आपसे अनुरोध है कि ऐसे सभी गरीब फलवाले, फूलवाले, चाय के ठेले वाले, फुटपाथ पर व्यापार करने वाले सभी श्रेणी के इस मार्ग से हटाये गये गरीबों को पुनः स्थापित करने के लिये स्थान उपलब्ध कर वैकल्पिक स्थान दिया जाना गरीबो के लिये न्याय होगा। यदि आप चाहे तो मैं आपको वैकल्पिक स्थान कहां हो सकते है, अवगत करा सकता हूं। ऐसे अनेक जगहों के स्थान के बारे मे मैं आपको अवगत करा सकता हूं।

# कलेक्टर अदिति पहुंची मॉडल रोड का जायजा लेने, सड़क का नक्शा, एग्रीमेंट, कार्ययोजना तथा नपती को एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी एवं नपा नियमानुसार करें

### सुगम आवागमन, बेहतर ट्रैफिक सिस्टम और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा मॉडल रोड



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर अदिति गर्ग ने शुक्रवार शहर में विकसित किए जा रहे मॉडल रोड प्रोजेक्ट का विस्तृत निरीक्षण कर संपूर्ण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। सरदार वल्लभ भाई पटेल चौराहा, गांधी चौराहा, भारत माता चौराहा एवं घंटाघर क्षेत्र को जोड़ने वाले इस मॉडल रोड को पूर्णतः सुव्यवस्थित, सुरक्षित और आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि मॉडल रोड शहर के ट्रैफिक प्रबंधन को सुचारू एवं सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि आम नागरिकों द्वारा दिए जा रहे जनहित सुझावों को गंभीरता से लेते हुए आगामी कार्यवाही की जा रही है, ताकि शहर को एक आदर्श एवं सुविधायुक्त मॉडल रोड उपलब्ध कराया जा सके।

कलेक्टर ने इस दौरान सड़क का नक्शा, एग्रीमेंट, कार्य योजना तथा नपती का अवलोकन किया। उन्होंने एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी एवं नगर पालिका को निर्देशित किया कि, सड़क की नपती नियमानुसार कर सभी कार्य उसी अनुरूप किए जाएँ।1 नपती के अनुसार चुना लाइन डालकर मार्किंग की जाए। विभाग आपसी समन्वय के साथ सुव्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण कार्य करें। ठेकेदारों को समयबद्ध एवं मानक अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने नगर पालिका टीम से चर्चा की और अतिक्रमण हटाने तथा शहर को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि, भवनों के आगे सड़क क्षेत्र में किए गए निर्माण को तुरंत हटाया जाए। अव्यवस्था दिखाई दे तो तत्काल कार्रवाई की जाए

नगर पालिका और ट्रैफिक पुलिस प्रतिदिन मिलकर व्यवस्था बनाए रखें। मॉडल रोड पर साइक्लिंग ट्रैक विकसित करने के लिए नगर पालिका कार्य करें। एमपीईबी विभाग को अंडरग्राउंड केबलिंग, घंटाघर क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर शिफ्टिंग तथा लाइन व्यवस्था को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर गर्ग ने कहा कि नगर पालिका द्वारा किए जा रहे नवीन निर्माण एवं व्यवस्थाओं से सड़क को नया स्वरूप मिल रहा है। यह मॉडल रोड पैदल यात्रियों, दोपहियाङ्कचारपहिया वाहनों एवं सभी नागरिकों के लिए अत्यंत सुगम और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराएगा। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान देकर ट्रैफिक जाम को कम किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि, यह मॉडल रोड शहर की कनेक्टिविटी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। नागरिकों के मूल्यवान सुझावों को शामिल किया जा रहा है। कम समय में नगर पालिका ने उत्कृष्ट कार्य किया है, जो सराहनीय है। मॉडल रोड के विकास के साथ मंदसौर शहर जल्द ही एक आधुनिक, स्वच्छ, सुरक्षित और यातायात सुविधाओं से युक्त मार्ग का लाभ उठाएगा।

## नीमच जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक- खाद की नहीं है कोई कमी

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले के किसानों की सुविधा के लिए रबी 2025-26 में पर्याप्त मात्रा में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिले में रबी 2024-25 में 5 दिसम्बर की स्थिति में कुल 52737 मीट्रीक टन विभिन्न प्रकार के उर्वरक का वितरण किसानों को किया गया है। जबकि रबी 2025-26 में कुल 41 हजार 323 मिट्रीक टन से अधिक उर्वरक किसानों को विक्रय किया जा चुका है। रबी 25-26 में कुल 59 हजार 500 मीट्रीक टन उर्वरक की मांग प्रस्तावित है। 41323 मिट्रीक टन जिले के किसानों को रबी 2025-26 में विक्रय किया जा चुका है। इसमें यूरिया 23224 मिट्रीक टन, डी.ए.पी.4725 मिट्रीक टन, एम.ओ.पी.966 मिट्रीक टन, एन.पी.के.एस.4088 मिट्रीक टन एवं एस.एस.पी.8320 मिट्रीक टन उर्वरक का विक्रय किया जा चुका है। जिले में 5 दिसम्बर 2025 की स्थिति में कुल 12 हजार 434 मिट्रीक टन उर्वरक उपलब्ध है। इससे यूरिया 4816 मिट्रीक टन, डी.ए.पी.1446 मिट्रीक टन, एम.ओ.पी.719 मिट्रीक टन, एन.पी.के.एस.1915 मिट्रीक टन एवं एस.एस.पी.3465 मिट्रीक टन उर्वरक वर्तमान में उपलब्ध है। उप संचालक कृषि नीमच से प्राप्त जानकारी के लिए रबी फसलों के लिए जिले में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। साथ ही आगामी दिनों में नीमच में यूरिया और डी.ए.पी.की एक-एक रैंक जल्दी ही लगने वाली है। सडक मार्ग से कोटा से भी यूरिया की आपूर्ति जिले में निरंतर हो रही है।

# धार जिले के किसानों का आरोप-पिपलिया उपज मंडी में मनमानी, अव्यवस्था और शोषण चरम पर



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कृषि उपज मंडी पिपलिया में गुरुवार को उस समय माहौल गरमा गया, जब दूर-दूर से लहसुन लेकर आए किसानों ने व्यापारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। धार जिले से लहसुन लेकर पिपलिया कृषि मंडी आए किसानों का कहना है कि यहां बोली प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है, व्यापारी सांठ-गांठ कर आंखों के इशारे से भाव तय करते हैं और अच्छी क्वालिटी की उपज को भी कम दाम में खरीद लेते हैं। बुनियादी सुविधाओं का अभाव, भुगतान में देरी और व्यवस्थाओं की अनदेखी को लेकर भी किसानों ने मंडी प्रशासन पर नाराजगी जताई। किसानों के अनुसार मंडी में जो चलता आ रहा है, वही चलने दो जैसी मानसिकता हावी है, जिससे वे स्वयं को असहाय और शोषित महसूस करते हैं।

किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द ने कहा किसान खून-पसीना बहाकर फसल लाता है, ढेर लगाता है, सफाई करवाता है, और व्यापारी ढेर पर चढ़कर क्वालिटी वाली लहसुन भी कम दाम में खरीद लेते हैं। यह सीधा-सीधा अपमान व शोषण है। बोली पारदर्शी हो, सुविधाएं सुधारी जाएं और मनमानी रोकी जाए। जोकचन्द ने चेतावनी दी यदि नीलामी व्यवस्था और सुविधाएं नहीं सुधरीं तो जल्द बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

कृषि उपज मंडी सचिव, पर्वतसिंह सिसोदिया का कहना है अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। यदि किसानों को भाव या अन्य किसी समस्या को लेकर आपत्ति है तो जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी, साथ ही साफ-सफाई व अन्य सभी व्यवस्थाओं को सुधारा जाएगा।

मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्णकुमार भूत का कहना है किसानों के लगाए गए आरोप निराधार हैं। पिपलिया मंडी में ही किसानों को सबसे ज्यादा भाव मिलते हैं, इसलिए वे दूर-दूर से यहां आते हैं। माल जैसा होगा भाव वैसा मिलेगा। फिर भी अगर कोई समस्या है तो संघ सुधार के लिए तैयार है।

# नीमच सिटी पुलिस की बड़ी कार्यवाही, नकली नोटों के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा नकली नोट के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसौदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नीमच सिटी निरीक्षक पुष्पासिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस थाना नीमच सिटी की टीम को सायबर सेल नीमच की मदद से 500 के नोट के 50 हजार रूपये के नकली नोट जप्त करने एवं 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई।

घटना का विवरण- दिनांक 04.12.2025 को उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह राठौड को मुखबीर की सूचना मिली की ईश्वर खारोल निवासी सरजना का नकली नोट छापकर बाजार में चलाने के लिये आ रहा है सूचना पर उपनिरीक्षक द्वारा मय टीम के नाकाबंदी के दौरान आरोपी ईश्वर पिता वर्दीचंद खारोल निवासी ग्राम सरजना के कब्जे से 50 हजार रूपये के नकली नोट जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पुछताछ करने पर आरोपी ने उसके साथी सुनिल पिता श्यामदास बैरागी निवासी सरजना के साथ मिलकर 500 के नोट के 50 हजार रूपये के नकली नोट घर पर छापना बताया। प्रकरण में एक और अन्य आरोपी सुनिल पिता श्यामदास बैरागी निवासी सरजना की तलाश जारी है।

उक्त कार्यवाही में सराहनीय भुमिका- निरीक्षक पुष्पासिंह चौहान, उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह राठौड, सउनि अनिल राजपुरोहित, सायबर सेल प्रभारी प्र.आर. प्रदिप शिन्दे एवं उनकी टीम तथा थाना नीमच सिटी के प्र.आर. जितेन्द्र जगावत, आरक्षक लक्की शुक्ला, आरक्षक दशरथ थावरिया, आरक्षक हेमसिंह चौहान, आरक्षक गणेश मालेचा की सराहनीय भूमिका रही।

# जिले में जल संरचनाओं पर बहते पानी रोकने 406 बोरी बंधान कार्य चिन्हित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जलशक्ति अभियान एवं जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में जिले की सभी 243 ग्राम पंचायत में जन भागीदारी से जल संचयन के लिए 406 स्थानो पर बोरी बंधान के कार्य चिन्हित किए गए है, इसमें से 281 बोरी बंधान के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं।

जन भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्र में छोटी-छोटी संरचनाओ पर जल संचयन एवं जल संरक्षण के लिए पुराने बोरो में मिट्टी, रेती भरकर बहते पानी को रोकने हेतु बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य पूर्णतः जन सहयोग एवं जन भागीदारी से किया जा रहा है

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान तहत भी 982 जल संरचनाओं से 137500 ट्रेक्टर ट्रॉली मिट्टी निकालकर गहरीकरण का कार्य किया गया है। तालाबों से निकाली गई मिट्टी का 6000 से अधिक कृषको ने अपने खेतों में उपजाऊ मिट्टी के रूप में उपयोग किया गया है। अभियान के तहत 34 प्राचीन ऐतिहासिक कुए, बावडी का भी जीर्णोद्धार किया गया है।

## जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक 11 दिसम्बर को

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक 11 दिसम्बर 2025 को प्रातः 11 बजे आयोजित की जा रही है। बैठक में आर.सी.एम.एस. में दर्ज प्रकरणों में निराकरण, राजस्व वसूली 2025-26, नक्शा तरमीम, शासकीय सर्वे नम्बरों का बंटाकन तरमीम, नक्शे विहीन ग्रामों की जानकारी, नवीन नक्शा निर्माण की प्रगति की समीक्षा, पीडीएफ नक्शों का सत्यापन, वेब जीआईएस पर नक्शा अपलोड की समीक्षा की जावेगी।

# पिपलिया चौपाटी पर देर रात हादसा, निजी यात्री बस से टकराकर होटल में घुसी बस, बड़ा हादसा टला



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिपलिया चौपाटी पर बीती रात्रि एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब तेज रफ्तार निजी बस दूसरी यात्री बस से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर सीधे सड़क किनारे बने होटल में जा घुसी। गनीमत यह रही कि रात का समय होने से मौके पर न तो कोई यात्री खड़ा था और न ही होटल में भीड़ थी, अन्यथा कई लोगों की जान जोखिम में पड़ सकती थी। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना रात्रि करीब 12.30 से 12.40 बजे के बीच हुई। नागौर से हैदराबाद जा रही मीरा ट्रैवल्स की बस (एमपी 44 जेडई 7374) में लगभग 30 यात्री सवार थे। बस चालक चुतराराम मेघवाल ने पुलिस थाने पर दी शिकायत में बताया कि वे नियमित मार्ग से हैदराबाद की ओर रवाना थे। इसी दौरान मंदसौर की दिशा से आ रही पीले रंग की तेज रफ्तार अशोक लिलेंड बस ने पिपलिया चौपाटी पर अचानक यू-टर्न लिया और मीरा ट्रैवल्स की बस के आगे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बस के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वहीं कुछ यात्रियों को मामूली चोंटे आई। टक्कर इतनी तेज थी कि वह बस अनियंत्रित होकर सत्यम रेस्टोरेंट में जा घुसी। होटल में प्रवेश करते ही बस ने दुकान का पूरा अगला हिस्सा तोड़ दिया। भट्टी, काउंटर, शेल्फ सहित कई सामान क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही सत्यम रेस्टोरेंट के संचालक दिनेश पोरवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दुकान का लगभग 50 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

# नीमच के अशासकीय स्कूल में विधिक अधिकार, कर्तव्य एवं साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र आयोजित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच द्वारा नीमच के एक अशासकीय स्कूल में गुरुवार को विशेष कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी एक्ट) श्री आलोक कुमार सक्सेना तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशेष न्यायाधीश श्री आलोक कुमार सक्सेना ने विद्यार्थियों को कानूनी जागरूकता के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने विधिक अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है, साथ ही अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के संयमित और जिम्मेदारी पूर्ण उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से मोटर वाहन अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, साइबर क्राइम, ऑनलाइन फ्रॉड, किशोर न्याय अधिनियम सहित अनेक विधिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या घटना की जानकारी तुरंत पुलिस या संबंधित प्राधिकरण को दें। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पर प्रकाश डाला।

# जावद तहसील स्तरीय सैन समाज की कार्यकारिणी घोषित

### सेन समाज जावद तहसील अध्यक्ष नवीन सेन ने जिला अध्यक्ष सुखलाल सेन की सहमति से कार्यकारणी घोषित की



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सेन समाज जावद तहसील के अध्यक्ष नवीन सेन चोहान ने जिला अध्यक्ष एवं भाजपा के कद्दावर नेता सुखलाल सेन समाज के जननायक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक गेहलोत युवा जिला अध्यक्ष चमन सेन की सहमति से जावद तहसील कार्यकारिणी घोषित की गयी है। जिसमे प्रमुख रूप से

उपाध्यक्ष पद हेतु सत्यनारायण सेन अठाना, श्रीमती कला बाई रामनिवास सेन सरवानिया, अशोक सेन रामनगर, श्री घनश्याम सेन बराडा, कमलाशंकर सेन रुपपुरा , श्री घनश्याम सेन नयागांव

कोषाध्यक्ष पद हेतु पवन सेन पूर्व सरपंच तारापुर- सहकोषाधक्ष पद हेतु नरेंद्र पप्पू सेन जावद

संगठन मंत्री पद हेतु कालुराम सेन सरोदा ,श्री मती मनीषा रवि गेहलोत जावद , गोवर्धन लाल सेन केलुखेडा, किशोर सेन पटेल डीकेन, भोनीराम सेन आवरीभाट, जगदीश सेन अरनिया एवं अशोक सेन बसेड़ी भाटी

संरक्षक पद हेतु नंदकिशोर सोलंकी उमेदपुरा, श्री मती प्राची देवी भरत जी सिसोदिया, नरेन्द्र जी सेन चोहान जावद, केलाश भाटी जावद, हेमंत (लालाजी) सेन एवं जगदीश सेन पत्रकार डीकेन

सचिव पद हेतु नितिन राठौर अध्यापक डीकेन, सहसचिव पद हेतु श्रीमती साधना प्रहलाद सेन मोरवन जावद तहसील स्तरीय सैन समाज कमेटी के आशिर्वाद दाता के रूप में प्रमुख वयोवृद्ध समाज सेवी श्रीलाल सैन डीकेन, मांगीलाल सेन बराडा, पूर्व तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश जी राठौर(बाबूजी) डीकेन, बाबूलाल सेन केलुखेडा, रामचंद्र जी सेन आवरीभाट, शंकरलाल सेन खोर, श्री भवानी शंकर सेन अठाना, श्रीमती रतनीबाई भवानी राम सेन अरनिया, मिठुराम राठौर डीकेन, श्री राधेश्याम सेन अठाना, कन्हैयालाल सेन मोरवन, जगदीश चोहान, जीवराज सेन सरोदा , एवं शिव लाल सेन अठाना

महामंत्री पद हेतु- किशोर सेन सरवानिया महाराज, लालाराम सेन हडमतिया, केलाश सेन मांडा, अर्जुन पप्पू सेन डीकेन, भरत सेन बावल , कमलेश सेन उस्ताद जावद, एवं सुनील कालु -जावद

प्रचार मंत्री पद हेतु गोवर्धन लाल सेन जावद, राजेन्द्र राजू सेन डीकेन, सुनील सेन अठाना एवं संजय सेन सरवानिया महाराज

मिडिया प्रभारी पद हेतु शिव सेन जावद सह प्रभारी पद हेतु लाला सेन जावद प्रवक्ता पद हेतु विजय सेन जावद एवं हरीश सोलंकी सेन जावद।

जावद तहसील स्तरीय सैन समाज कमेटी में- कार्यकारिणी सदस्य में प्रमुख रूप से घनश्याम सेन डीकेन , राधेश्याम सेन अध्यापक डीकेन , रामसिंह सेन, बाबूलाल सेन डीकेन, लाला सेन मोरवन, अशोक सेन डीकेन, बंशीलालसेन, विष्णु सेन अध्यापक पानोली, केलाश सेन, शिवनारायण सेन कुडला, मनोहर सेन निलिया, भेरुलाल सेन मोड़ी, दीनेश सेन जावद, अर्जुन भाटी बरखेड़ा, राजु सेन अठाना , दशरथ सेन रामनगर, पुरणमल सेन तारापुर, लाला सेन बसेड़ी भाटी एवं केलाश सेन सरोदा।

# सम्पादकीय

## सिस्टम को झकझोर देने वाला एक वचनः 'यह मेरी गलती है'

सर्द हवा उस रात सिर्फ तापमान नहीं गिरा रही थी, वह व्यवस्था की सड़ चुकी परतों को भी उधेड़ रही थी। मध्यप्रदेश के दमोह के जिला अस्पताल के बाहर फुटपाथ पर बैठे वे लोग सिर्फ ठंड से नहीं जूझ रहे थे, वे उस तंत्र की बेरहमी से भी लड़ रहे थे, जो फाइलों में जनहित की दास्तानें लिखता है, लेकिन जमीन पर जरूरतमंदों के सामने ताले झुलाकर अपनी जिम्मेदारी से भाग खड़ा होता है। रैन बसेरे जैसा आश्रय, जो किसी भी शहर की करुणा का प्रतीक होना चाहिए–वहाँ बेईतजामी इतनी गहरी थी कि भीतर शराबियों की मौज थी और बाहर मरीजों के परिजन ठिठुरते हुए। भव्य इमारतें, भारी बजट, चमकदार योजनाएँ, और बीचों-बीच इंसानियत का दम घुटता हुआ दृश्य। और यह सब तब तक किसी की नजर में नहीं आता, जब तक देखने की नीयत वाला कोई न पहुंच जाए। उस रात ऐसा ही हुआ– बिना सूचना, बिना कैमरे और बिना औपचारिक तामझाम के दमोह जिले के जिलाधीश सुधीर कोचर वहाँ पहुंचे। उनके पहुँचते ही एक युवक फफकता हुआ पैरों में गिर पड़ा। उसके आँसू सिर्फ उसकी ठंड नहीं थे, बल्कि व्यवस्था की पत्थर जैसी संवेदनहीनता का सच थे। उसने बताया–दरवाज़ा बंद, कर्मचारियों का बेरहम जवाब–जगह नहीं है। माँ अस्पताल में भर्ती, और वह बाहर जमा देने वाली हवा में रात काटने को मजबूर। यह दृश्य किसी भी जागे हुए अंतःकरण को झकझोर देता–और कलेक्टर कोचर वे नहीं, जो सिस्टम की लापरवाही को नियति मानकर आगे बढ़ जाएँ।

उन्होंने न किसी और पर उंगली उठाई, न बहानों का किला खड़ा किया। आरोपों की ढाल ओढ़कर छिप जाने के बजाय, उन्होंने वह किया जिसे सत्ता में बैठे लोग अक्सर याद भी नहीं करते–उन्होंने गलती की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली। जनता के बीच हाथ जोड़कर खड़े हुए और साफ कहा–यह मेरी गलती है, मेरी जवाबदेही है। भारतीय प्रशासनिक इतिहास में ऐसे क्षण मोती की तरह दुर्लभ हैं, जब कोई अधिकारी खुद को कटघरे में खड़ा कर जनता के सामने सिर झुकाकर क्षमा माँगे।

पर असली सार माफी में नहीं था, असली सार उस माफी को सुधार की दिशा में पहले कदम में बदल देने में था। न यह कोई भावुक अभिनय था, न बनावटी रोष, न कैमरों के लिए रचा गया दृश्य। यह वह पल था जब एक इंसान ने अपनी कुर्सी के अहं से ऊपर उठकर इंसानियत को चुना। और फिर–उसी रात सब बदल गया। ताले खुले, शराबियों को बाहर निकाला गया, गद्दे साफ हुए, रज़ाइयाँ बाँटी गईं। नई व्यवस्था बनी–24 घंटे खुला रैन बसेरा, हर रात की निगरानी, हर कर्मचारी की स्पष्ट जवाबदेही। यह सिर्फ आदेशों की श्रृंखला नहीं थी–यह मानसिकता में आया तेज, निर्णायक और ईमानदार परिवर्तन था।

हमारे देश में इमारतों की कोई कमी नहीं, करोड़ों के बजट भी हैं और योजनाओं से भरे चमकदार दस्तावेज़ भी। पर इन सबके बीच जो चीज़ अक्सर गुम रहती है, वह है–ज़मीर। जब ज़मीर सोता है, तो ताले लगते हैं; ज़मीर जाग जाए तो ताले खुद शर्म से टूट जाते हैं। दमोह की उस रात भी यही हुआ–एक अधिकारी का जागा हुआ ज़मीर पूरे तंत्र के लिए एक तेज़, चुभती हुई चेतावनी बनकर उठ खड़ा हुआ। उस एक जागरण ने दिखा दिया कि सिस्टम को बदलने के लिए बड़ी बैठकों या भारी भरकम आदेशों की नहीं, सिर्फ़ एक जागी हुई आत्मा की ज़रूरत होती है।

अधिकारी दो तरह के होते हैं–एक वे, जो सिर्फ़ कुर्सी से शासन करते हैं; जिनके लिए सत्ता एक ऊँची दीवार भी है और सुविधाओं का सुरक्षा कवच भी। ऐसे लोग फ़ाइलों की दुनिया से बाहर झाँकना भी नहीं चाहते। और दूसरे वे, जो कुर्सी नहीं, ज़मीर से शासन करते हैं–जो रात के धुँधलके में भी सड़क पर उतरने का साहस रखते हैं, जो किसी अनजान मुसाफ़िर की ठिठुरन को अपनी नींद की बेचैनी समझते हैं, और जिनके लिए किसी गरीब की परेशानी मात्र मामला नहीं, बल्कि कर्तव्य की पुकार होती है। सुधीर कोचर ठीक इसी दूसरी श्रेणी के अधिकारी हैं, जिनके लिए प्रशासन सेवा है, प्रदर्शन नहीं; और जिनकी पहचान आदेशों से नहीं, उनके ज़मीनी कर्मों से होती है।

उनकी इस कार्रवाई ने एक गहरी और दूर तक सुनाई देने वाली सीख छोड़ी–चूक चाहे किसी एक कर्मचारी की हो या पूरी व्यवस्था की, सच्चा अधिकारी वही है जो साहस के साथ कह सके–जिम्मेदार मैं हूँ। यह वाक्य किसी पद का नहीं, यह वाक्य किसी पद की गरिमा नहीं बताता, बल्कि उस व्यक्ति के भीतर बसे नेतृत्व के असली चरित्र का परिचय है। ऐसे अधिकारी बदलाव की बातें नहीं करते, वे उसे अपनी मौजूदगी से महसूस कराते हैं। वे सुधार को फाइलों की पंक्तियों में नहीं, बल्कि ज़मीन पर उतरकर, लोगों के जीवन में दिखने वाले परिणामों में लिखते हैं। दमोह की उस रात ने यह सच उजागर कर दिया कि सुधार न तो भारी-भरकम आदेशों से आते हैं, न करोड़ों के बजटों से, और न ही जटिल योजनाओं से। असली सुधार तभी जन्म लेते हैं, जब कोई एक व्यक्ति दृढ़ होकर ठान ले कि अब और नहीं।

## जो सुप्त शक्तियां व ज्ञान हमें जन्म से प्राप्त है उसी की जागृति है सहजयोग



संपूर्ण ब्रह्मांड की संरचना में दो प्रकार के तत्वों की भूमिका है, जैविक व अजैविक। जो आदिशक्ति के स्वरूप श्री लक्ष्मी व श्री सरस्वती द्वारा संचालित हैं। लक्ष्मी श्री विष्णु की शक्ति हैं तो सरस्वती श्री ब्रह्मा जी की और ब्रह्मा का जन्म विष्णु की नाभि से माना जाता है। लक्ष्मी तत्व पदार्थों के रूप में स्पंदित होता है तो सरस्वती तत्व नाद के रूप में। पदार्थ व शब्द दोनों ही मनुष्य जीवन का अहम हिस्सा हैं परंतु दोनों को ही आदिशक्ति के तीसरे स्वरूप महाकाली ने माया के आवरण में ढका हुआ होता है। पदार्थों का आकर्षण मनुष्य को स्थूल से ऊपर नहीं उठने देता। वहीं शब्दों की माया हमें किसी का प्रिय किसी, का विरोधी सफल या असफल बना देती है। शब्द तीन प्रकार के होते हैं - पहले जिनमें विभिन्न अक्षर प्रमुख होते हैं जो हमारे द्वारा बोले जाते हैं और दूसरे के द्वारा सुने जाते हैं, दूसरे जिन्हें सिर्फ हम सुन पाते हैं और तीसरे हैं मानस जहां वर्ण या क्षर प्रमुख होते हैं। हम अधिकांशतः दूसरी प्रकार के शब्दों के द्वारा छले जाते हैं, इसमें हमारे विचार, योजनाएं, स्मृतियां, लिखना, पढ़ना, आदि शामिल हैं।

हमारे मन में पदार्थों को देखकर जो इच्छाएं जागृत होती हैं वही शब्दों के रूप में प्रकट होती हैं। ज्ञान शब्द नहीं होते, शास्त्र कहते हैं ज्ञान पैदा नहीं होता और ना ही नष्ट किया जा सकता है ज्ञान जन्म से ही हमारे साथ होता है, जैसे-जैसे आत्मा से हमारी दूरी कम होती जाती है, आत्मा अनावरित होती जाती है वैसे वैसे आप को ज्ञान की प्राप्ति होती जाती है। और तब मानस शब्दों की अनुभूति हमें सूक्ष्म शरीर में विभिन्न चक्रों पर वर्णों के रूप में होती है। और ज्ञान की इस अवस्था में वर्णों का यह स्पंदन ब्रह्मांड के नाद से संयुक्त हो जाता है और तब संपूर्ण ब्रह्मांड का रहस्य स्वयं अंतस में प्रकट होने लगता है । जिसे स्वयं का ज्ञान नहीं होता उसके अन्य सांसारिक ज्ञान भी भ्रांतिपूर्ण व अपूर्ण होते हैं। हम सदैव दूसरों के अनुभवों को ज्ञान के रूप में ग्रहण करते रहते हैं परंतु वास्तव में अविष्कारी या वैज्ञानिक वही होता है जो स्वयं का ज्ञान व अनुभव अर्जित करता है। पुस्तकें मार्गदर्शक हो सकती हैं ध्येय नहीं। श्री माताजी निर्मला देवी जी द्वारा प्रतिस्थापित सहजयोग आत्मा के आवरणों से परे ब्रह्मानुभूति का विज्ञान है। जो अंधविश्वासों, कर्मकाण्ड व आडंबरों से परे है। सहजयोग विवेक व बोध के द्वारा क्रिया एवं विचारों से बाहर निकाल कर ध्यान का मार्ग प्रशस्त करता है। और हमें उस ज्ञान व विद्या का साक्षात्कार प्रदान करता है जो हमारे साथ जन्मी है, जो सहज है। सहज योग में हम स्पंदनों की भाषा को समझने लगते हैं जो अधिक शक्तिशाली, तीव्रगामी व वास्तविक होती है। आप अपने किसी दूर बैठे हुए व्यक्ति के बारे में सिर्फ स्पंदनों से जान सकते हैं दूसरों की परेशानियों को ये स्पंदन ठीक कर सकते हैं विभिन्न रोगों का उपचार कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।

# आरक्षण पर सवाल नहीं, जाति पर सवाल उठाने का समय है

चैत्यभूमि पर कदम रखते ही एक अजीब-सी हलचल सी अंदर उठती है जैसे यह धरती अपनी गूँज में कह रही हो, यहीं से जन्मी थी इंसान की गरिमा और न्याय की नई कहानी। समुद्र की हवा भी उस पल में सामान्य नहीं लगती; उसमें एक गंभीरता, एक सम्मान, एक अडिग सन्नाटा घुला होता है। और फिर अचानक आपके सामने खुलता है वह महासागर नीली किताबों का, नीले झंडों का, उन चेहरों का जिनकी आँखों में आँसू नहीं, सदियों का संघर्ष बोलता है। 'जय भीम' की गर्जना कोई नारा नहीं लगती; वह स्मरण है उस क्रांति का, जिसने टूटे हुए मनुष्य को फिर से मनुष्य बनाया। यह एक क्रांति का वार्षिक पुनर्जन्म है। यह उस दिन की स्मृति है जब 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली के 26 अलीपुर रोड पर डॉ. बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की साँसें थमीं, पर उनके विचार भारतीय संविधान की नसों में अमर होकर दौड़ने लगे। उन्होंने मरकर भी मरना स्वीकार नहीं किया। वे अंतिम सांस तक लड़ते रहे जाति की ज़ंजीरों से, छुआछूत की घृणा से, अंधविश्वास की काली सुरंगों से, और सबसे कठिन युद्ध अज्ञान की दीवारों से। जिस समाज ने उन्हें पानी तक न छूने दिया, उसी समाज को उन्होंने दुनिया का सबसे आधुनिक और मानवतावादी संविधान सौंपकर सिर ऊँचा करने का अवसर दिया। जिस समाज ने मंदिर के दरवाज़े बंद किए, उसी समाज को उन्होंने बुद्ध की शरण में ले जाकर गरिमा, तर्क और समानता का खुला आकाश दे दिया। 14 अक्टूबर 1956 नागपुर की दीक्षाभूमि पर जब उन्होंने 22 प्रतिज्ञाएँ लीं और लाखों लोगों को बौद्ध धर्म ग्रहण कराया, वह केवल धर्म परिवर्तन नहीं था वह सदियों की दासता, अपमान और अन्याय का महासंस्कार था। और दो महीने बाद जब वे शांत हुए, तब भी एक संदेश छोड़ गए मैंने बौद्ध धर्म इसलिए चुना क्योंकि यह बराबरी, करुणा और विज्ञान पर आधारित है।

आज जब हम महापरिनिर्वाण दिवस मनाते हैं, प्रश्न यह नहीं कि बाबासाहेब हमारे बीच नहीं हैं प्रश्न यह है कि क्या हम उनके विचारों के बीच खड़े हैं? जिस संविधान की रक्षा के लिए उन्होंने जीवन खपा दिया, आज उसी पर बार-बार हमले हो रहे हैं। जिस समता की परिकल्पना उन्होंने की, आज वही समता खोखली करने की कोशिशें झेल रही है। आरक्षण पर फैलाया जाने वाला हर झूठ, उनके संघर्ष की नींव पर लूटा गया हमला है। उन्होंने स्पष्ट कहा था आरक्षण कोई भीख नहीं, यह प्रतिनिधित्व का अधिकार है। फिर भी आज सवाल पूछा जाता है आरक्षण कब तक? जवाब साफ है जब तक जाति है, जब तक भेदभाव है तब तक आरक्षण रहेगा। और यदि कोई इसे खत्म करना चाहता है, तो पहले इस देश से जाति को खत्म करे।

बाबासाहेब ने शिक्षा को केवल मार्ग नहीं, मुक्ति का सबसे बड़ा हथियार कहा। शिक्षित बनो उनका पहला आदेश था, और आज उनके सपनों के सहारे लाखोंक्ककरोड़ों डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, प्रोफेसर तैयार हो रहे हैं। लेकिन सच यह भी है कि गाँवों में अब भी दलित बच्चियाँ स्कूल जाने से पहले दूसरों के घरों की दहलीज़ पर झाड़ू लगाती दिखती हैं। विश्वविद्यालयों में अब भी दलित छात्रों को अपमान और अलगाव की आग में धकेला जाता है कभी-कभी इतनी गहरी कि वह जीवन छीन लेती है। यह सिर्फ बाबासाहेब का नहीं, हमारी पूरी सभ्यता का अपमान है। यह हमारी सामूहिक नाकामी है कि हम अभी तक उनके सपनों का भारत नहीं बना पाए।

महापरिनिर्वाण दिवस केवल श्रद्धांजलि का संस्कार नहीं यह आत्मा को झकझोर देने वाला आत्ममंथन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि बाबासाहेब की जलायी हुई मशाल अभी बुझी नहीं; वह आग हमारे भीतर जलनी चाहिए। जब तक जाति के नाम पर एक भी इंसान का आत्मसम्मान कुचला जाता है, तब तक बाबासाहेब की आत्मा को चैन नहीं मिलने वाला। उन्होंने कहा था मैं ऐसी पार्टी बनाऊँगा जो कमजोरों की होगी। आज जरूरत है कि हम उस विचार को सिर्फ चुनावी पोस्टर न बनाएँ, बल्कि उसे एक आंदोलन, एक मिशन, एक प्रतिज्ञा बनाएं।

6 दिसंबर को चैत्यभूमि जाना महत्वपूर्ण है, पर उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है उस नीली किताब को फिर से खोलना। संविधान को पढ़ना उसकी प्रस्तावना को ऊँची आवाज़ में दोहराना हम भारत के लोगज और यह संकल्प लेना कि इस हम से कोई भी बाहर न धकेला जाए न जाति से, न धर्म से, न लिंग से। बाबासाहेब ने बौद्ध धर्म अपनाते हुए कहा था मैं जन्म से हिंदू पैदा हुआ था, पर मैं हिंदू होकर मरूँगा नहीं। आज हमें भी यही प्रतिज्ञा लेनी है कि हम जन्म से जो भी हों, पर अन्याय, भेदभाव, और असमानता के सामने झुककर कभी नहीं मरेंगे।

यह दिन हमें याद दिलाता है कि बाबासाहेब कोई दैवी शक्ति नहीं, बल्कि अपनी दृढ़ इच्छा, बुद्धि और संघर्ष से महान बने हुए एक साधारण जन्मे असाधारण इंसान थे। एक ऐसा इंसान जो दर्द से टूटा, लेकिन उसी दर्द को हथियार बनाकर उठ खड़ा हुआ। एक ऐसा इंसान जिसकी जिद, जिसकी पढ़ाई, जिसकी बेचैनी और जिसकी संघर्ष-भरी रातें लाखों लोगों की सुबह बन गईं। हम उनकी जयंती पर नारे बहुत लगाते हैं, लेकिन उनकी पुण्यतिथि हमें खामोशी में खुद से सबसे कठिन सवाल पूछने पर मजबूर करती है हमने उनके लिए क्या किया? क्या हम सच में उनके विचारों के वारिस हैं, या सिर्फ उनके नाम को इस्तेमाल करने वाले सुविधाजनक वारिस? जब इस देश में एक भी व्यक्ति अपनी जाति की वजह से अपमानित होता है समझ लीजिए, बाबासाहेब का परिनिर्वाण पूरा नहीं हुआ। उनका वास्तविक महापरिनिर्वाण तभी होगा जब जाति की अंतिम ईंट गिर जाएगी, जब समता सचमुच धरती पर उतरेगी, जब संविधान सिर्फ किताब नहीं, जीती-जागती जिंदगी बन जाएगा। तब तक बाबासाहेब जीवित हैं हमारी लड़ाई में, हमारी आवाज़ में, हर जय भीम की प्रतिध्वनि में। इसलिए इस 6 दिसंबर को सिर्फ फूल चढ़ाने मत जाना अपने भीतर की जाति को मारने जाना। अपने भीतर के मनुवाद को अग्नि देने जाना। और लौटते समय यह संकल्प लेकर आना कि अबकी बार, बाबासाहेब का सपना पूरा करके रहेंगे। जय भीम। जय भारत। जय संविधान।

**-प्रो. आरके जैन**

## इंडिगो संकट के सबक, पायलटों की कमी से मानव संसाधन प्रबंधन पर उठे सवाल

देश की सबसे अधिक बाजार हिस्सेदारी वाली विमानन कंपनी इंडिगो को नई पायलट रोस्टर नीतियों के कारण बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं, जिसने मानव संसाधन प्रबंधन पर अवांछित रोशनी डाली है। मानव संसाधन प्रबंधन इस उद्योग में कुशल और सुरक्षित संचालन के केंद्र में है। हालांकि विमानन कंपनी ने देशव्यापी अव्यवस्था के लिए माफी मांगी है लेकिन योजना के स्पष्ट अभाव पर समुचित प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। देश की सभी विमानन कंपनियों के पास इन नियमों की तैयारी के लिए पूरा समय था। नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने जनवरी 2024 में इसकी अधिसूचना जारी करते हुए कहा था कि जून 2024 में इसे शुरू कर दिया जाएगा मगर विमानन कंपनियों ने तैयारी के लिए और समय मांगा, जिसके बाद इसे टाल दिया गया। इसके बाद डीजीसीए ने नियमों को दो चरणों में जुलाई और फिर नवंबर 2025 में लागू करने की इजाजत दी। इसका अर्थ यह है कि विमानन कंपनियों के पास नए रोस्टरिंग नियमों की तैयारी के लिए एक वर्ष का समय था। देश के विमानन उद्योग की तेज वृद्धि को देखते हुए ये नये नियम अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं और अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन के श्रेष्ठ व्यवहारों के अनुरूप भी हैं। ये मुख्य तौर पर पायलटों की थकान से संबंधित हैं। ध्यान रहे कि दुनिया भर में होने वाली विमान दुर्घटनाओं में से 20 फीसदी पायलटों की थकान के कारण होती हैं। द फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) में सप्ताह में 48 घंटे आराम की बात कही गई है। इसके मुताबिक रात में केवल दो विमानों के उतरने यानी लैंडिंग की इजाजत है और इनमें मध्य रात्रि से सुबह छह बजे (पहले पांच बजे) तक होने वाली लैंडिंग शामिल हैं। लगातार ड्यूटी की अवधि भी तय की गई है। इसके अलावा विमान चालकों को उड़ान के तय समय से एक घंटे से अधिक अवधि तक उड़ान भरने की इजाजत नहीं है। जो चालक बहुत लंबी दूरी की उड़ान भरते हैं उन्हें दो लगातार उड़ानों के बीच कम से कम 24 घंटे का आराम देने की बात भी इसमें शामिल है। आसानी से समझा जा सकता है कि इन आवश्यकताओं के लिए विमानन कंपनियों को अपने यहां पायलट और अन्य कर्मचारियों की भर्ती तेज करनी होगी। वास्तव में ऐसा केवल एफडीटीएल के मानक की वजह से ही नहीं करना होगा। इंडिगो 1,000 से अधिक नए विमान खरीदने वाली है और एयर इंडिया करीब 500 विमानों का ऑर्डर दे रही है। छोटी विमानन कंपनियां भी विस्तार कर रही हैं। ऐसे में निकट भविष्य में प्रशिक्षित पायलटों की मांग 20,000 को पार कर सकती है। वर्तमान में पायलटों की कमी मांग और आपूर्ति के असंतुलन की वजह से कम है और समय-समय पर विमानन कंपनियों द्वारा भर्तियां धीमी करने की वजह से ज्यादा है। विमानन क्षेत्र में मांग कुछ समय के लिए ही बढ़ती है, जिसकी वजह से इंडिगो जैसी बड़ी विमानन कंपनियां सभी विभागों में न्यूनतम कर्मचारियों के साथ काम करती हैं। फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने इस विमानन कंपनी पर भर्तियां रोकने का आरोप लगाया है...।

**-धनंजय राजौरा**

# राजनीति का नैतिक अवसान, लोकतंत्र के भविष्य को खतरा

महात्मा गांधी का अमर वाक्य आज भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक त्रासदी पर सीधा प्रहार करता है सिद्धांतों के बिना राजनीति पाप है। कभी राजनीति जनसेवा का श्रेष्ठ मार्ग थी, यह मार्ग त्याग, तपस्या, साधना और राष्ट्रहित की भावना से निर्मित था, जहाँ राजनेता स्वयं को राष्ट्र के सेवक के रूप में देखते थे, न कि सत्ता के स्वामी के रूप में। किंतु समय का चक्र बदला और आज राजनीति का चरित्र भयावह रूप से परिवर्तित हो गया है। आधुनिक राजनीति का सबसे बड़ा संकट यही है कि इससे नैतिकता, सदाचार और आदर्श लगभग विलुप्त होते जा रहे हैं और सत्ता का लोभ, पद का प्रलोभन तथा सिद्धांतहीनता इसका मुख्य आधार बनते जा रहे हैं। स्वतंत्रता आंदोलन के समय राजनीतिक नेतृत्व राष्ट्र के प्रति समर्पित था, वह त्याग और सत्याग्रह की शक्ति से समृद्ध था।

महात्मा गांधी की अहिंसा, स्वामी विवेकानंद का राष्ट्रधर्म, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की क्रांति चेतना, सरदार वल्लभभाई पटेल की संगठन शक्ति, लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, जवाहरलाल नेहरू की वैचारिक प्रतिबद्धता, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का संविधान निर्माण ये सभी राजनीतिक आदर्श नैतिकता की ऊष्मा से प्रेरित थे। उस समय राजनीति में प्रवेश एक तपस्वी जीवन था, सत्ता नहीं सेवा थी, लाभ नहीं, त्याग था, प्रतिष्ठा नहीं, जिम्मेदारी थी। किंतु स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद राजनीति की दिशा धीरे-धीरे बदलती गई। जब लोकतंत्र में सत्ता की शक्ति का विस्तार हुआ, तब नैतिकता का पतन भी उसी गति से आरंभ हुआ। राजनीति सत्ता प्राप्ति का खेल बन गई और पद प्राप्त करने की होड़ नैतिकता, सिद्धांत और मानवीय मूल्यों पर भारी पड़ने लगी। आज स्थिति यह है कि राजनीति में प्रवेश का प्रमुख आधार धनबल, बाहुबल और धोखाधड़ी की शक्ति बन गया है। अनेक जनप्रतिनिधियों पर गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं, फिर भी वे संसद और विधानसभाओं की कुर्सियाँ सजाते हैं। सार्वजनिक संपत्ति को लूटने और रिश्वतखोरी के अपराधों में संलिप्त अनेक नेताओं की लंबी सूची है, जिन पर आरोप सिद्ध होने के बावजूद वे शासन-प्रशासन के निर्णायक पदों पर बैठे रहते हैं। यह राजनीति का सबसे बड़ा पतन है कि जिस शक्ति का उद्देश्य राष्ट्रनिर्माण था, वह व्यक्तिगत लाभ का साधन बन चुकी है। राजनीति आज चरित्रहीनता का उच्चतम उदाहरण प्रस्तुत कर रही है जहाँ भाई-भतीजावाद, परिवारवाद और पदों का व्यापार खुलकर सामने आता है। योग्य व्यक्ति अवसर से वंचित हो जाता है और अयोग्य सत्ता के केंद्र में पहुँच जाता है। कई राजनीतिक परिवारों में टिकट क्षमता से नहीं, बल्कि रक्त संबंध और वित्तीय शक्ति के आधार पर दिए जाते हैं। यह वह समय है जहाँ अपराधी चरित्र के व्यक्तियों को सुरक्षा, समर्थन और संरक्षण राजनीति के माध्यम से प्राप्त होता है। उद्योगपतियों और राजनीतिज्ञों का गठजोड़– जिसे क्रोनी कैपिटलिज़्म कहा जाता है– लोकतंत्र को सबसे अधिक क्षतिग्रस्त कर रहा है। चंदे के नाम पर खरीदक्कफरोख्त और नीतियों को निजी उद्योगों के पक्ष में घुमा देना आज आम बात है। इससे जनता का शोषण होता है, असमानता बढ़ती है और विकास असंतुलित होता है। महान अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन ने कहा था कि जब नीतियाँ नैतिकता से कट जाती हैं, तब विकास असमानता का हथियार बन जाता है। संसद और विधानसभाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। बहसें समाधान और नीतियों पर केंद्रित होने के बजाय आरोपक्कप्रत्यारोप, हंगामे और असभ्य भाषा की प्रदर्शनशाला बन गई हैं। कानून निर्माण की प्रक्रिया बाधित होती जा रही है और सदन की कार्यक्षमता लगातार गिरती जा रही है। लोकतंत्र का मंदिर कहलाने वाली संसद अब राजनीतिक लाभ और मीडिया प्रदर्शन का मंच बन चुकी है। प्रसिद्ध विचारक हेनरी एडम ने कहा था– मानव स्वभाव का ज्ञान ही राजनीतिक शिक्षा का मूल है। जब स्वभाव स्वार्थ से संचालित होने लगे, तब राजनीति राष्ट्र के लिए नहीं, व्यक्ति विशेष के लोभ के लिए कार्य करने लगती है। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना है कि हर पेशे में योग्यता निर्धारित है– डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, शिक्षक– सभी के लिए शैक्षणिक योग्यता और प्रशिक्षण अनिवार्य है, किंतु देश चलाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए किसी भी प्रकार की योग्यता का प्रावधान संविधान में नहीं है। जनप्रतिनिधि अधिनियम 1991 में भी इसके लिए कोई स्पष्ट मानदंड निर्धारित नहीं किया गया। परिणामतः राजनीति में अयोग्यता, असभ्यता और अपराधी वृत्ति के लोग तेजी से प्रवेश पा रहे हैं। यदि राजनीति को शुद्ध करना है, तो जनप्रतिनिधियों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, चरित्र प्रमाणपत्र और गंभीर अपराध के दोषियों पर चुनावी प्रतिबंध आवश्यक है। राजनीतिक दलों को ऋक्षद्ध और वित्तीय ऑडिट के दायरे में लाया जाना चाहिए ताकि चंदा और खर्च की पारदर्शिता बनी रहे। चुनाव सुधार, नैतिक आचरण संहिता और संसदीय नियमों को कठोरता से लागू करना होगा। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था– राजनीति राष्ट्र के विकास का इंजन है, पर यह तब ही चल सकती है जब इसे ईमानदारी का ईंधन मिले। आज राष्ट्र को चरित्रवान नेतृत्व की आवश्यकता है– ऐसे नेता जो राष्ट्रहित को स्वयं के हित से ऊपर रखें, सत्ता को सेवा मानें, न कि उपलब्धि। राजनीति तभी पवित्र बनेगी जब समाज शिक्षित, जागरूक और नैतिक नेतृत्व को चुनने के लिए प्रतिबद्ध होगा। लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहेगा जब राजनीति का मूल लक्ष्य सत्ता नहीं, बल्कि समाज का उत्थान होगा। नैतिकता का पुनर्जागरण अनिवार्य है, अन्यथा आने वाली पीढ़ियाँ हमें क्षमा नहीं करेंगी। राजनीति की सच्ची आत्मा नैतिकता है यदि यह नष्ट हो गई, तो लोकतंत्र केवल एक ढाँचा बनकर रह जाएगा, जिसकी दीवारें धीरे-धीरे ढह जाएँगी। अतः आज का संदेश यही हैल राजनीति में नैतिकता लौटे, चरित्रशील नेतृत्व आगे आए, और लोकतंत्र विश्वास, पारदर्शिता एवं सदाचार की नई नींव पर पुनर्निर्मित हो।

**-संजीव ठाकुर**

## संघ का सनातन एवं प्रकृति-दर्शनः वैश्विक चेतना का आह्वान

भारत की सांस्कृतिक चेतना की जड़ में पंचमहाभूतों की जीवन-व्यवस्था है-भूमि, जल, अग्नि, वायु और आकाश का संतुलन ही भारतीय ज्ञान-तंत्र की आत्मा है। ''भगवान'' शब्द के अक्षरों में निहित पंचतत्त्वों का सार यही दर्शाता है कि भारतीय जीवन-दर्शन में भगवान कोई बाहरी सत्ता नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति का सुसंगठित योग है। यही दृष्टि सनातन कहलाती है, नित्य प्रवाहमान, पुनर्जननशील, अविनाशी। जब भारत का जीवन इसी तत्त्वदृष्टि से संचालित था, तब वह न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी विश्व-गुरु था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में यह विचार और भी प्रासंगिक हो उठता है कि संघ का अस्तित्व ही सनातन जीवन-शैली की पुनर्स्मृति, पुनर्रचना और पुनर्स्थापना का प्रयत्न है। संघ नेतृत्व विशेषकर सरसंघचालक श्री मोहन भागवत की दृष्टि इस मूल दर्शन की आधुनिक व्याख्या है- भारत की पहचान धर्म से है और धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं, बल्कि वह जीवन-शैली है, जिसमें प्रकृति, समाज, संस्कृति और आत्मा का संतुलन हो।'' उनकी यह बात भारत की वैदिक चेतना को वर्तमान विश्व-यथार्थ में स्थापित करती है।

संघ के शताब्दी वर्ष का समय केवल एक संगठनात्मक उत्सव नहीं बल्कि भारत की सनातन जीवन पद्धति के पुनरुत्थान का क्षण है। संघ सरचालक श्री मोहन भागवत बार-बार यह कहते रहे हैं कि भारत का अस्तित्व किसी राजनीतिक ढांचे से नहीं बल्कि उसकी प्रकृति और संस्कृति के अखंड योग से बना है। भारतीय जीवन का यह सत्य पंचमहाभूतों के योग में निहित है, जिनसे सृष्टि बनी और जिनकी गति को भगवान कहा गया। मोहन भागवत का दृष्टिकोण इस सत्य को आधुनिक भाषा में समझाता है कि सनातन केवल कोई धर्म नहीं बल्कि वह जीवन-तंत्र है जो मानव और प्रकृति के संतुलन से चलता है। भारतीयता प्रकृति-पूजक है और संस्कृति को उसी प्रकृति की लय पर निर्मित करती है।

आज की दुनिया युद्ध, आतंक, प्रतिस्पर्धा और पकर्यावरणीय संकट से त्रस्त है। मानव की भूख केवल संसाधन और उपभोग तक सीमित होने से जीवन तनाव, प्रदूषण और अव्यवस्था का पर्याय बनता जा रहा है। यही पश्चिमी दुनिया की शोषणकारी दृष्टि रही जिसने प्रकृति पर नियंत्रण को प्रगति माना, जबकि भारत की दृष्टि पोषण और सहअस्तित्व की थी। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत का मार्ग सबका हित और सबके साथ पर आधारित है, क्योंकि भारतीय समाज ने प्रकृति को माता माना और संस्कृति को उसका स्वरूप। यह वही दृष्टि है जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जीवन के चार आयाम हैं; जहां मोक्ष की चाह लालच रहित आनंद में है और जीवन को आरोग्य बनाना ही संस्कृति का प्रमुख लक्ष्य है। संघ का जीवन यही संदेश देता है कि व्यक्ति, समाज, राष्ट्र और विश्व तभी स्वस्थ होंगे जब मानव प्रकृति के साथ समरस जीवन जिएगा।

आज जब राष्ट्रवाद को भौतिक शक्ति से मापा जा रहा है, तब मोहन भागवत इसके आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट करते हैं। राष्ट्र उनके लिए भू-भाग ही नहीं, बल्कि स्मृति, संस्कृति, प्रण और परंपरा का जीवंत व्यक्तित्व है। वे कहते हैं कि भारत की शक्ति उसकी विविधता और सामंजस्य में है, और सनातन इसलिए सनातन है क्योंकि वह पुनर्जननशील है; वह कभी समाप्त नहीं होता क्योंकि उसका आधार प्रकृति है। यही कारण है कि संघ की जीवन शैली में ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य आधारित आहार-विहार, चरित्र निर्माण और संतुलित व्यवहार को स्थान दिया गया। गांव, गौ-संवर्धन, हस्तशिल्प, लोक-जीवन, जैविक खेती, नदी-पुनरुद्धार, जल संरक्षण, स्वच्छता एवं आत्मनिर्भर भारत-ये नीतियां आधुनिक रूप में ''भू-सांस्कृतिक मानचित्र'' की पुनर्स्थापना हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जीवन दृष्टि को आधुनिक शासन में उतारा है। योग का विश्वदिवस घोषित होना, आयुर्वेद का पुनर्धर्म, माई लाइफ़ माई योगा, पंचामृत, लोकल टू ग्लोबल, वोकल फॉर लोकल, जी-20 की भारतीय दर्शन आधारित थीम वसुधैव कुटुम्बकम्, मिशन लाइफ, प्राकृतिक खेती, पारंपरिक चिकित्सा मंत्रालय, मंदिरों का पुनर्जीवन, सांस्कृतिक आत्मविश्वास का उदय-ये सब उस सनातन दृष्टि के शासन रूप हैं जिसे संघ वर्षों से साधता आया है। मोदी के नेतृत्व में भारत की राजनयिक भूमिका आध्यात्मिक भाषा में उभर रही है, जहां युद्ध की भाषा की जगह सहजीवन की भाषा है, प्रतिस्पर्धा की जगह सहयोग की भूमिका है। मोहन भागवत कहते हैं कि भारत को दुनिया में नेतृत्व अपने धर्म से मिलेगा, किसी वर्चस्व से नहीं। यही धर्म प्रकृति और संस्कृति के संतुलन का वह सिद्धांत है जिसने भारत को दार्शनिक राष्ट्र बनाया। आज दुनिया ग्लोबल वार्मिंग, महामारी, अकेलापन, मानसिक तनाव और युद्ध के बीच टूट रही है। पश्चिमी विज्ञान समाधान के लिए रोबोट, जीन इंजीनियरिंग या डिजिटल कृतक जीवन की ओर जा रहा है, जबकि भारतीय अध्यात्म कहता है कि समाधान भीतर है, प्रकृति के साथ है, समरस संस्कृति के साथ है। यही संघ का कथन है कि मानव को मनुष्य बनाना ही राष्ट्र निर्माण है। संघ का जीवन तंत्र व्यक्ति में यह भरोसा जगाता है कि वह सृष्टि से जुड़ा है, पंचमहाभूतों का अंश है, और उसका धर्म है कि वह प्रकृति और समाज दोनों का पोषण करे। संघ की शाखाओं में हर प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे यह स्मरण दिलाती है कि भारत माता केवल प्रतीक नहीं बल्कि प्रकृति और संस्कृति का योग है, जिसे जीना ही सनातनता है।

**-ललित गर्ग**

## संघर्ष की आग में तपकर चमकता है इंसान

संघर्ष ही जीवन है और मनुष्य को अपने जीवन में पल-पल संघर्ष करना पड़ता है। वास्तव में, संघर्ष बड़ी चीज है। जो संघर्ष से डरता है, वह जीवन के असली आनंद से वंचित रह जाता है।प्रकृति ने इंसान के अंदर जो सबसे बड़ी ताकत दी है, मनुष्य को संघर्ष करने की क्षमता। यही संघर्ष इंसान को आगे बढ़ने, सीखने, और जीवन में कुछ बड़ा बनने, कुछ कर गुजरने के लिए लगातार प्रेरित करता रहता है। कभी यह संघर्ष हमें दुख देता है, तो कभी कोई नया और सुंदर अनुभव देता है, लेकिन हर हाल में यह हमें जीवन में आगे बढ़ना ही सिखाता है। इंसान का पूरा जीवन-जन्म से लेकर मृत्यु तक-चुनौतियों और परीक्षाओं से भरा होता है, जिससे कोई भी बच नहीं सकता। इसलिए अगर हमें अपने लक्ष्य तक पहुँचना है, तो संघर्ष करना अनिवार्य है।संघर्ष को जीवन की बाधा नहीं, बल्कि सफलता की सीढ़ी कहा गया है। यह इंसान को तोड़ता नहीं, बल्कि उसे मजबूत बनाता है, सोच को परिपक्व करता है और उसे असली पहचान देता है।ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने यह बात कही है कि-संघर्ष इंसान को मजबूत बनाता है, हार मानना उसे कमजोर।चाणक्य का कहना है कि- संघर्ष में मिला अनुभव किसी भी शिक्षा से अधिक मूल्यवान होता है।स्वामी विवेकानंद जी ने यह बात कही है कि-जिस दिन आपको कोई संघर्ष न मिले, समझ लेना आप गलत रास्ते पर चल रहे हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि मनुष्य के जीवन में मिलने वाली हर सीख, समझ और सफलता किसी न किसी संघर्ष से होकर ही आती है। जैसे सोना आग में तपकर शुद्ध और चमकदार बनता है, उसी तरह इंसान भी कठिन परिस्थितियों से गुजरकर निखरता है। धन कमाना हो, ऊँचा पद पाना हो या करियर बनाना हो-कोई भी लक्ष्य बिना मेहनत और संघर्ष के हासिल नहीं होता। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि संघर्ष केवल धन और पद तक सीमित नहीं है।स्वस्थ रहना भी अपने आप में एक निरंतर चलता रहने वाला संघर्ष है, जिसमें हमें आलस्य, गलत आदतों, बीमारियों और मानसिक तनाव से रोज़ लड़ना पड़ता है। आदमी स्वस्थ रहने के लिए टहलता है, अपनी डाइट, अपनी दिनचर्या का ध्यान रखता है,यह संघर्ष ही तो है।सच तो यह है कि जीवन का शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो, जहाँ बिना संघर्ष किए आगे बढ़ा जा सके। यही संघर्ष मनुष्य को भीतर से मजबूत बनाता है, उसे समझदार बनाता है और अंततः सफलता के शिखर तक पहुँचाता है। संघर्ष मनुष्य को तोड़ता नहीं, बल्कि उसे और बेहतर ढंग से गढ़ता है। वह बुद्धि को पैना करता है, उत्साह को जगाता है, विश्वास को मजबूत करता है और कल्पनाशक्ति को बढ़ाता है। यही वह चीज है, जो मनुष्य को अपने भीतर छिपे उस उद्देश्य की खोज करने के लिए प्रेरित करता है, जिसके लिए वह इस धरती पर आया है। यह आत्मसंतोष और आलस्य की नींद से बाहर निकालकर उसे जीवन की अनवरत गति में बनाए रखता है। मनुष्य की सबसे बड़ी शक्ति वही है, जो उसे सबसे बड़ी चुनौती देती है और यही सत्य है। शक्ति, चाहे शारीरिक हो या मानसिक, संघर्ष की ही उपज है। जो व्यक्ति चुनौतियों का सामना करता है, वह अंततः वही शक्ति प्राप्त करता है, जिसकी उसे अपनी विजय के लिए आवश्यकता होती है।जीवन की राह स्पष्ट है-गतिशील रहो या फिर समाप्त हो जाओ। यहां कोई अपवाद नहीं, कोई समझौता नहीं।यह लेखक एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक में यह पढ़ रहा था कि-प्रकृति बताती है कि सबसे मजबूत वृक्ष वे नहीं हैं, जिन्हें सुरक्षा मिली हो, बल्कि वे हैं, जिन्होंने खुले मैदान में तूफानों का सीधे सामना किया हो। संघर्ष का बेहतरीन उदाहरण प्रसिद्ध बॉक्सिंग खिलाड़ी मैरी कॉम हैं।

**-सुनील कुमार महला**

# गायत्री परिवार द्वारा शिक्षा आंदोलन चलाया जाएगा जिले के चयनित ग्रामों में

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर पुरस्कार दिए जाएंगे

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जिला समिति की समीक्षा बैठक नक्षत्र वाटिका देवास में परीक्षा समन्वयक पण्डित देवीशंकर तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 की ओ एम आर शीट की जांच होने पर शान्तिकुंज हरिद्वार से प्रमाण पत्र एवं मेरिट सूची प्राप्त होने पर विद्यार्थियों को तहसील एवं जिला स्तर पर समारोह आयोजित कर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरिण किये जाने का निर्णय समिति द्वारा लिया गया ।



बैठक की शुरुआत परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्यजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर की । वरिष्ठ परिजन अरविन्द शर्मा एवं कांतिलाल पटेल ने अगले वर्ष ओर अधिक स्कूलों से सम्पर्क कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सम्मिलित किए जाने की योजना रखी। सदस्य सुरेश बालपाण्डे, हजारीलाल चौहान एवं सुरेन्द्र दुबे ने इस वर्ष हुई परीक्षा के अनुभव एवं बच्चों के सुझाव बताते हुए कहा कि तहसील स्तर पर परीक्षा से पहले सम्बंधित शिक्षकों से परीक्षा से सम्बंधित चर्चा हो । समिति सदस्य लक्षित दुबे, जितेन्द्र मोहरी एवं बी. एल. खण्डेलवाल ने कहा कि परम पूज्य गुरुदेव के सप्त आंदोलन में से एक शिक्षा आन्दोलन के लिए भी समिति जिले के कुछ ग्रामों का चयन कर शिक्षा के साथ विद्या अति आवश्यक एवं महत्वपूर्ण विषय पर कार्य प्रारंभ करें क्योंकि शिक्षा बच्चों में बाहरी संसार का ज्ञान कराती हैं एवं विद्या अपने में आंतरिक परिचय करा कर समझ जाग्रत करती है इसी से पूर्ण व्यक्तित्व का निर्माण होता है इसलिए कुछ ग्रामों का चयन कर कार्य प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया । वरिष्ठ परिजन अरुण शैव्य एवं देवीशंकर तिवारी ने गीता के अठारहवें अध्याय का सस्वर पाठ किया एवं उपस्थित सभी परिजनों ने सहभागिता की । वरिष्ठ परिजन केशव पटेल, रमेशचंद्र नागर आदि सदस्यों ने भी अपने विचारों से अवगत कराया । कार्यक्रम में समिति के सदस्य सालगराम सकलेचा, मनीष शर्मा, नरेन्द्र नागर आदि उपस्थित थे । बैठक का सफल संचालन अरविन्द शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन मातृशक्ति साधना तिवारी ने किया ।

# अपनी गंदी आंदतों पर लगाएं ब्रेक, तभी हम स्वच्छता में बनेंगे नंबर एक



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एक्टिवा पर स्वच्छता का संदेश, हाथों में झाड़ू और तन पर अपनी अनोखी ड्रेस पहने जब एक व्यक्ति शाजापुर पहुंचा तो झाड़ू लगाने लगा तो लोगों का ध्यान उनकी ओर आकर्षित हो गया। जब लोग उन्हें देख रहे थे तो उन्होंने भी लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया और कहा कि अपनी गंदगी फैलाने की आदत को सुधारो तभी हम स्वच्छता में नंबर एक बनेंगे।

दरअसल शाजापुर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए बोहरा समाज के समाजसेवी सैफुद्दीन चर्चा में हैं। सैफुद्दीन पिछले 12 वर्षों से देशभर में घूम-घूमकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं। शुक्रवार को अपनी स्कूटी से शाजापुर पहुंचकर उन्होंने लोगों को गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डालने की समझाइश दी। जहां भी गंदगी दिखी, उन्होंने खुद झाड़ू लगाकर सफाई की और स्वच्छता का महत्व समझाया। इस दौरान सैफुद्दीन ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान तभी सफल हो सकता है जब आम जनता इसमें पूरा सहयोग दे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सुबह शहर की गलियों और मोहल्लों को साफ करते हैं, लेकिन दुकानें खुलते ही सड़कों पर फिर से गंदगी फैल जाती है। इसका मुख्य कारण लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता की कमी है। जब तक नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेंगे तब तक भारत को स्वच्छ देशों की सूची में आगे नहीं बढ़ाया जा सकता।

सैफुद्दीन ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में उन्होंने बाइक से लगभग एक लाख किलोमीटर की यात्रा की है। इस दौरान वे 1200 से अधिक शहरों और गांवों में जाकर स्वच्छता का संदेश दे चुके हैं। वे जहां भी गंदगी देखते हैं, वहां कम से कम 10 मिनट रुककर लोगों से बातचीत करते हैं, उन्हें साफ-सफाई का महत्व समझाते हैं और स्वयं भी मौके पर सफाई करते हैं।

# ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुये शहर मे किये जाने वाले जल वितरण के समय मे परिवर्तन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर निगम जलप्रदाय शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार अत्यधिक ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए शहर मे निगम द्वारा किये जाने वाले जल वितरण के समय मे परिवर्तन किया गया है। जिसके अन्तर्गत पानी की बडी टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 5 बजे से, शंख द्वार टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से,आनंदऋषि नगर टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, सन सिटी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, ताराणी कालोनी पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से किया गया है। इसी प्रकार बजरंग नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, राजाराम नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, रानीबाग पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से, उत्तम नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, आमोना पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से, नागदा पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से जल वितरण के समय मे परिवर्तन किया गया है।

# निगम अमले ने ग्रीन बेल्ट की भूमि से अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया स्थाई अतिक्रमण अभी भी यथावत



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के एबी रोड पर स्थित ग्रीन बेल्ट की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर रखी गई गुमटियों को नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर निगम स्वास्थ्य विभाग रिमुवल गैंग के अमले ने शुक्रवार 5 दिसम्बर को हटाये जाने की कार्यवाही की गई। इन स्थानों पर अवैध रूप से रखी गई गुमटियों एवं अन्य सामाग्रीयां रखकर कब्जा कर अवरूध किया गया था। जिससे ग्रीन बेल्ट मे लगाये गये पौधों को नुकसान हो रहा था तथा गंदगी भी हो रही थी। जिस कारण अवैध रूप से रखी गई गुमटियों को निगम के अमले द्वारा हटाया गया। राम नगर से एलएनबी क्लब तक ग्रीन बेल्ट की भूमि से लगभग 10 से 15 अवैध रूप से रखी गई गुमटियों को हटाया गया। किंतु बाईपास स्थित ग्रीन बेल्ट में स्थाई अतिक्रमण कर लिया गया है जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है ? अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही मे निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, हरेन्द्रसिह ठाकुर, ओमप्रकाश पथरोड, रिमुवल टीम दरोगा अबरार पठान, शिवा खत्री आदि सहित निगम की टीम उपस्थित रही।

# टंट्या भील की बहादुरी देखकर अंग्रेज थर थर कांपते थे -राकेश देवड़े बिरसावादी

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आदिवासी समाज द्वारा राम-रहीम चौराहा स्थित निज निवास पर राष्ट्रनायक स्वतंत्रता सेनानी महाविद्रोही टंट्या भील का 136 वां बलिदान दिवस मनाया गया।सर्वप्रथम वरिष्ठजनों द्वारा टंट्या भील के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया।तत्पश्चात टंट्या भील के जीवन संघर्ष तथा विद्रोह पर विचार विमर्श किया गया। राकेश देवडे बिरसावादी ने अपने विचार रखते हुए कहा- महाविद्रोही टंट्या भील का जन्म 26 जनवरी 1842 को पूर्वी निमाड़ खंडवा जिले के पंधाना तहसील अन्तर्गत ग्राम बड़ोदा अहीर में गरीब मजदूर परिवार में हुआ था।वह गुरिल्ला युद्ध में निपुर्ण, पारंपरिक युद्धकला में पारंगत, शानदार निशानेबाज तथा तीरंदाजी के धनी थे ।उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में ब्रिटिश सरकार की दमनकारी नीतियों का सक्रिय रूप से विरोध किया।अपनी साहसिक विरोधी गतिविधियों के कारण ब्रिटिश शासन ने उन्हें 4 दिसंबर 1889 को गिरफ्तार कर जबलपुर में फांसी दे दी थी।इसी कारण हर वर्ष 4 दिसंबर को उनका बलिदान दिवस मनाया जाता है। 18 वीं सदी के महानायक के तौर पर उन्होंने करीब 33 वर्षों तक अंग्रेजों से हथियारबंद लड़ाई लडकर अंग्रेजी सत्ता को चुनौती दी थी। टंट्या भील की बहादुरी को देखकर अंग्रेज थर-थर कांपते थे।वह न केवल एक योद्धा थे,बल्कि सामाजिक न्याय के पक्षधर भी थे।अंग्रेज उन्हें डाकू कहते थे,लेकिन आम जनता उन्हें मसीहा मानती थी।उन्होंने शोषितों और गरीबों के हक की आवाज बुलंद की थी। द न्यूयॉर्क टाइम्स मे 10 नवंबर 1889 में प्रकाशित खबर में टंट्या भील को रॉबिनहुड ऑफ इंडिया की पदवी से नवाजा गया था ।वे भारतीय रॉबिन हुड के रूप में ख्यात हैं। अंग्रेजी अफसर जान हेन्ड्राप ने उन्हें लिविंग गाड याने जींदा भगवान कहा, उन्हें (गॉड ऑफ जस्टिस ऑफ द वर्ल्ड)विश्व न्याय के देवता कहा जाता है ।टंट्या भील को भारतीय रॉबिनहुड कहा जाता है,क्योंकि वे अंग्रेजों और जमींदारों से लूटे गए धन को गरीबों में बांट देते थे।अकाल के दिनों में उन्होंने किसी को भूख से मरने नहीं दिया। कहा जाता है कि उनके समय में कोई भूखा नहीं सोता था।टंट्या का कद 7 फीट 10 इंच था और वे बहुत शक्तिशाली थे। उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत से 29 बार संघर्ष किया और हर बार विजयी रहे। उन्होंने कभी अन्याय के आगे सिर नहीं झुकाया और न ही अपने आदर्शों से समझौता किया।



# कन्या महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में हुए आयोजन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वय से संचालित रेड रिबन क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ. जी.डी. सोनी के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में एचआईवी एड्स विषयक विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल द्वारा जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली देवास शहर के मुख्य मार्ग से होकर सयाजी द्वार होते हुए सीएमएचओ कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सहभागिता की गई एवं रैली के दौरान एचआईवी एड्स जागरूकता के लिए महाविद्यालय की छात्राओं दिव्या मंदोदिया, नीतू यादव, छाया कुशवाहा, भाविका सूर्यवंशी, प्रज्ञा सोनी, मोहिनी सागर, काजल पवार, पायल चौहान, काजल ठाकुर, स्वाति मालवीय, मुस्कान पलिया, सिया जगताप द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में दिनांक 3 दिसंबर को महाविद्यालय में एचआईवी एड्स जागरूकता हेतु व्याख्यान का आयोजन किया गया व्याख्यान में डॉ वर्षा जायसवाल ने एचआईवी से होने वाले संक्रमण के मुख्य कारण, बचाव एवं उपचार से संबंधित जानकारी छात्राओं को दी। डॉ. क्रांतदर्शी सिंदल ने एड्स दिवस मनाने के उद्देश्य एचआईवी एड्स के संक्रमण से जुड़ी भ्रांतियां, कलंक एवं भेदभाव को समाप्त करने एवं अन्य प्रचलित गलत धारणाओं को मिटाने से सभी छात्राओं को अवगत कराया. साथ ही एड्स जागरूकता विषय पर ही पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें क्रमशः प्रथम स्थान अलीशा खान, द्वितीय प्रज्ञा सोनी एवं कशिश तृतीय दर्शना चौहान एवं प्रीतम वर्मा ने प्राप्त किया। इसके पश्चात एन एस एस की स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा प्राध्यापको एवं छात्राओं को एड्स का अंतरराष्ट्रीय प्रतीक रेड रिबन लगाया गया।



4 दिसंबर को एचआईवी एड्स जागरूकता विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रज्ञा सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान पर कल्पना गहलोत एवं माहेनूर शेख तथा तृतीय स्थान पर भाविका सूर्यवंशी रही। इस अवसर पर प्रो अंजली वर्मा, प्रो पूजा साकंते, प्रो आकांक्षा कुशराम, प्रो रॉबिन शेख एवं डॉ वंदना राजपूत ने सभी प्रतिभागियों में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाते हुए प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया। संपूर्ण कार्यक्रम रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉं. क्रांतदर्शी सिंदल के निर्देशन में किया गया जिसमें डॉ वर्षा जायसवाल का विशेष सहयोग रहा।

# निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करें- कलेक्टर सुश्री बाफना

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज अकोदिया, फुलेन, शुजालपुर, किशोनी, देहण्डी, जामनेर का भ्रमण कर विभिन्न कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने अकोदिया में निर्माणाधीन अमृत 2.0 अंतर्गत दीनदयाल पार्क का निरीक्षण कर विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण करने, अच्छी गुणवत्ता वाली ओपन जिम मशीनें लगाने के निर्देश नगरीय निकाय के सीएमओ को दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना ने अकोदिया में विशेष निधि अंतर्गत निर्माणाधीन आडिटोरियम के इंजीनियर व ठेकेदार को निर्देश दिये कि कार्य को गुणवत्तापूर्ण करें, निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करें। निर्माण कार्य की गुणवत्ता में गड़बड़ी या कमियां होने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के सीएमओ को निर्देशित किया कि कार्य का सतत भ्रमण कर नियमित निरीक्षण करें। कलेक्टर सुश्री बाफना ने शुजालपुर में अमृत 2.0 अंतर्गत श्मशान घाट, कृष्णा नगर में निर्माणाधीन टंकी का निरीक्षण कर निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही साथ ही लैब से निर्माण सामग्री की जाँच कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने रानी लक्ष्मीबाई पार्क उन्नयनीकरण के निरीक्षण में कार्य की गुणवत्ता में पाई गई कमियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित सीएमओ एवं इंजीनियर को कारण बताओ सूचना पत्र देने के निर्देश दिये।

# इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती, मिलने आई युवती तो की छेड़छाड़

## पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक को लिया हिरासत में

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के अ. बड़ोदिया थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ की कोशिश का मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार को पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती के बाद एक युवक उसे अपने साथ ले गया। वहां उससे छेड़छाड़ की कोशिश की। उसके पिता को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। अवंतीपुर बडोदिया थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी ने बताया कि नाबालिग पीड़िता ने अपने पिता के साथ पुलिस चौकी में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता कक्षा 11वीं में पढ़ती है। करीब छह महीने पहले उसकी पहचान इंस्टाग्राम से मोल्टा मलोथर निवासी गजेंद्र परमार से हुई थी। दोनों के बीच इंस्टाग्राम चौट पर बातचीत होती थी। इस दौरान आरोपित ने 4 दिसंबर को सुबह करीब 10 बजे गजेंद्र ने पीड़िता को मिलने के लिए बदलपुर जोड़ पर बुलाया। पीड़िता स्कूल जाने का बहाना बनाकर घर से बदलपुर जोड़ पहुंची, जहां गजेंद्र बाइक लेकर खड़ा था। गजेंद्र उसे पोचानेर ले गया। जहां वे दो-तीन घंटे बैठे रहे। बाद में जब पीड़िता ने गजेंद्र से उसे घर छोड़ने को कहा तो वह उसे बदलपुर जोड़ पर लाया और उससे कहा कि वह उसे पसंद करता है और बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया। पीड़िता ने अपना हाथ छुड़ाया। तभी उसके पिता ने उन्हें देख लिया। जैसे ही उसके पिता पास आने लगे गजेंद्र उन्हें देखकर भाग गया। इसके बाद पीड़िता ने अपने पिता को पूरी घटना बताई और उनके साथ रिपोर्ट दर्ज कराने चौकी पहुंची। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। नाबालिग पीड़िता से छेड़छाड़ के मामले में आरोपित गजेंद्र को शुक्रवार को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की जांच जारी है और आरोपी को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# मक्सी में मिल्क प्रोडक्शन और डेयरी प्रोडक्ट के निर्माण की विधि जानी

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय कन्या महाविद्यालय शाजापुर की छात्राओं को आज दिनांक 5.12.2025 को पवन श्री फूड इंटरनेशनल प्रायवेट लिमिटेड श्रीधी मिल्क मक्सी में औद्योगिक भ्रमण करवाया गया. यहां छात्राओं ने मिल्क प्रोडक्शन और डेयरी प्रोडक्ट के निर्माण की विधि जानी।



शासन के आदेशानुसार महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित इस औद्योगिक भ्रमण यात्रा को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सुश्री सोनू कनेश के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. यह यात्रा बस के माध्यम से पवन श्री फूड इंटरनेशनल प्रायवेट लिमिटेड श्रीधी मिल्क, मक्सी पहुंची. जहां कंपनी में मिल्क प्रोडक्शन से संबंधित समस्त गतिविधियों की जानकारी मैनेजर हेमंत पटेल द्वारा छात्राओं को दी गई. छात्राओं ने भ्रमण के दौरान कंपनी में विभिन्न यूनिटों में मिल्क चैकिंग, मिल्क का पाश्चुरीकरण, पैकिंग यूनिट, मिल्क पाउडर उत्पादन यूनिट, घी उत्पादन यूनिट एवं पैकेजिंग और उसके बाद कंपनी से निकलने वाले केमिकल युक्त जल के शुद्धिकरण आदि कार्यों को करीब से जाना. उक्त भ्रमण को सफल बनाने में श्रीमती दीपिका गुप्ता, डॉ. रितेश महाडिक, डॉ. संदीप कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार भाटी, शंकरलाल कुशवाह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

छात्राओं ने कॅरियर संबंधी प्रश्न पूछे- कंपनी के एचआर वृंदावन पटेल ने कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों, प्रतिदिन दूध उत्पादन क्षमता, कंपनी स्थापना आदि की महत्वपूर्ण जानकारी छात्राओं को प्रदान की. साथ ही छात्राओं को उद्योग के प्रति स्वयं में उद्यमी के गुण जागृत करने के प्रति प्रेरित किया. छात्राओं ने भी इस क्षेत्र में कॅरियर के अवसर संबंधी प्रश्न पूछे. प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कपिल जाटव ने छात्राओं को औद्योगिक भ्रमण का लाभ बताते हुए उन्हें इसके महत्व की जानकारी प्रदान की. साथ ही कंपनी के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# दूसरे भी जारी रहा पुलिस का चेकिंग अभियान

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गुरूवार से शुरू हुआ यातायात पुलिस का चेकिंग अभियान शुक्रवार को भी जारी रहा। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के पालन को सख्ती से लागू करने के उद्देश्य से पुलिस ने नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के चालान काटे। वही नियमों का पालन करने वालों को गुलाब के फुल भेंट कर उन्हें प्रोत्साहित किया।




शुक्रवार सुबह भी पुलिस ने कार्रवाई जारी रखी। इस दिन सड़क पर उतरकर यातायात पुलिस ने 40 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों के चालान बनाए। जिसके चलते दो दिन में यातायात पुलिस द्वारा 200 वाहन चालकों पर कार्रवाई की जा चुकी है। यातायात प्रभारी सौरभ शुक्ला ने बताया कि इस अभियान के दौरान यातायात पुलिस बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई कर रही है और उन्हें यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश दे रही है। वहीं हेलमेट पहनकर सुरक्षित वाहन चलाने वाले चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित भी किया जा रहा है।

नेशनल हाईवे पर ओवर स्पीड चालकों के चालान काटे- इसके साथ ही, नेशनल हाईवे पर भी तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चारपहिया वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, अब तक 15 ओवरस्पीड चारपहिया वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। यातायात थाना प्रभारी ने बताया कि यह अभियान सड़क हादसों में कमी लाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

हम उनके भतीजे, इनके भाई- अभियान के दौरान पुलिस को कुछ चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। चालान की कार्रवाई के दौरान नेताओं के फोन आने से पुलिसकर्मियों पर दबाव बनाया जा रहा है, जिससे कार्रवाई प्रभावित हो रही है। कोई अपने को किसी नेता का भाई, भतीजा तो कोई खुद को अधिकारी का रिश्तेदार बताने लगा। इस दौरान पुलिस को कुछ परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

# आज होगी लेखनी के दाता की सपरिवार प्राण-प्रतिष्ठा

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कायस्थ समाज द्वारा लेखनी के दाता भगवान चित्रगुप्त जी की सपरिवार प्राण-प्रतिष्ठा की जा रही है। इसके लिए तीन दिनी समारोह की शुरूआत शुक्रवार से हुई। इस दिन कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए, जिनके स्वागत में नगरवासियों ने भी फूल बरसाकर समाजजनों का स्वागत किया।



इसके पूर्व मंदिर में भगवान श्री गणेश जी का पूजन कर आयोजन का श्री गणेश किया गया। इसके बाद प्रातः 11 बजे लालपुरा स्थित कायस्थ समाज की धर्मशाला से कलश यात्रा की शुरूआत हुई। जो सोमवारिया बाजार, कंस चौराहा, लालपुरा चौराहा होती हुई पुनः मंदिर पहुंची। इस कलश यात्रा में समाज के पुरूष वर्ग धोती-कुर्ता तो महिलाएं साड़ी व सिर पर कलश लेकर शामिल हुई, जिनके स्वागत में नगर के विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा व जलपान कर स्वागत किया गया। इसके बाद धर्मशाला में पाप-पुण्यों का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त जी, पत्नी माता ऐरावती, और माता दक्षिणा जी की पूर्ण परिवार सहित प्रतिमाओं को धूमधाम से धर्मशाला लाया गया जहां शनिवार को आचार्य पं. लोकेश शर्मा व अन्य आचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजन कर उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अध्यक्ष एवं सचिव कायस्थ समाज शाजापुर दीपक निगम ने बताया कि यह प्रतिमाएं श्यामा सक्सेना द्वारा अपने पति शांतनू सक्सेना जी की स्मृति में मंदिर को दी गई हैं और शनिवार को होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा में उनकी ओर से मुख्य जजमान संजय अष्ठाना व उनकी पत्नी अंजलि अष्ठाना रहेंगे, जो पूजन कर प्रभु की स्थापना कर उनका आशीर्वाद लेंगे।


अखिल भारतीय कायस्थ महासभा अध्यक्ष एवं सचिव कायस्थ समाज शाजापुर दीपक निगम ने बताया कि तीन दिनी समारोह के दूसरे दिन शनिवार को मंदिर में 11.30 बजे प्रतिमाओं की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा के पश्चात् शाम 4.30 बजे विभिन्न क्षेत्रों में समाज को गौरवान्वित करने वाले समाजजनों, वरिष्ठों तथा मेघावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद शाम 7 बजे सहभोज का आयोजन किया जाएगा।

7 को होगी पूर्णाहूति, दिनभर होंगे धार्मिक आयोजन- चित्रगुप्त जी की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के तीसरे दिन भी समाजजन दिनभर धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दिन प्रातः 11.30 बजे आचार्य पं. लोकेश शुक्ल जी व अन्य विद्वान पंडितों की उपस्थिति में पूर्णाहूति होगी। इसके बाद 12.30 से 2 बजे तक सहभोज का आयोजन होगा। वहीं दोपहर 2.30 बजे शोभायात्रा प्रारंभ होगी जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः धर्मशाला पहुंचेगी। इसके बाद रात 8 बजे भावसार धर्मशाला में सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

# सिंहस्थ क्षेत्र से लैंड पुलिंग कानून निरस्त करे सरकार अन्यथा भारतीय किसान संघ करेगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

## लैंड पुलिंग निरस्त करने की सीएम की घोषणा के बाद संशोधन की बात क्यों

**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक ऑनलाइन माध्यम से बुधवार दोपहर को आयोजित की गई। जिसमें किसान संघ के अखिल भारतीय स्तर के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में हुए निर्णय की जानकारी देते हुए किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने बताया कि हमारी मांग है कि सिंहस्थ क्षेत्र से लैंड पुलिंग कानून सरकार तत्काल निरस्त करने का गजट नोटिफिकेशन सरकार जारी करे, किसानों पर दर्ज मुकदमे वापिस करे, टीडीएस की धारा 8/9/10/11 के गजट नोटिफिकेशन रदद हों, सिंहस्थ क्षेत्र में स्थाई निर्माण न किया जाए। श्री आंजना ने रोष व्यक्त करते हुए आगे कहा कि सात दिन के भीतर यदि सरकार ये मांगे नहीं मानती है तो भारतीय किसान संघ लैंड पुलिंग कानून के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगा। जिसमें प्रदेश भर से हजारों किसान उज्जैन आयेंगे। जिसकी




तिथि शीघ्र घोषित होगी। बैठक में सभी प्रांतों के अध्यक्ष, महामंत्री व संगठन मंत्री को आंदोलन की तैयारी के लिए प्रांत, जिला, तहसील, ग्राम समिति में बैठके आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

लैंड पुलिंग निरस्त करने की सीएम की घोषणा के बाद संशोधन की बात क्यों- प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत के बाद मुख्यमंत्री ने लैंड पुलिंग कानून को निरस्त करने की घोषणा की थी लेकिन आदेश संशोधन का निकाला गया। इस संशोधन आदेश के पीछे प्रशासनिक अधिकारियों की मंशा क्या है। इसके पीछे सिंहस्थ आयोजन की तैयारी में लगे अधिकारियों के कौन से अपने निजी हित हैं। यह स्पष्ट होना चाहिए।

खाद, एमएसपी, प्याज़, मक्का, बिजली पर भी हुई चर्चा - प्रदेश बैठक में शामिल हुए प्रांतों के पदाधिकारियों ने खाद की कमी, मक्का की एमएसपी पर खरीदी न किए जाने व प्याज के बाजार में कम दाम, बिजली की रात में सप्लाई, धान के कम खरीदी केंद बनाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की। किसान संघ ने कहा कि सरकार मक्का व प्याज उत्पादक किसानों को तत्काल प्रति क्विंटल राहत राशि प्रदान कर उनकी मदद करे।

बैठक में ये रहे उपस्थित - किसान संघ की प्रदेश ऑनलाइन बैठक में अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गजेन्द्र सिंह, अखिल भारतीय उपाध्यक्ष रामभरोस वासोतिया , भूमि अधिग्रहण आयाम के प्रमुख व अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद चौधरी, खेलन सहारे, प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल, क्षेत्र संगठन मंत्री महेश चौधरी, प्रदेश महामंत्री चंद्रकांत गौर, मध्यभारत प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, महाकौशल प्रांत अध्यक्ष गजराज सिंह, मालवा प्रांत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल, तीनों प्रांतों के महामंत्री रमेश दांगी, प्रहलाद पटेल, शिवनंदन रघुवंशी, तीनों प्रांतों के संगठन मंत्री तुलाराम, भरत पटेल व अतुल माहेश्वरी सहित प्रदेश कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी शाजापुर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सवाई सिंह सिसोदिया द्वारा दी।

# नगर में यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए ज्ञापन दिया



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से आज नगर एवं बड़ी चौपाटी क्षेत्र में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीओपी अरविंद सिंह तोमर को देकर यातायात व्यवस्था को सुधारने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि पिछले दिनों नगर में कई सड़क हादसे हुए हैं। जिसमें निर्दोष लोगों की जान गई है। गंभीर हादसो के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई स्थाई समाधान नहीं करना दुख की बात है।

नगर कांग्रेस यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए की मांग करती है। दिए गए ज्ञापन में मुख्य रूप से बताया कि बड़ी चौपाटी से बस स्टैंड तक आने जाने वाली यात्री बसों की रफ्तार बहुत तेज होती है। कई बार ओवरटेक करने में इन बसों से हादसे भी हुए हैं। जिनमें लगे प्रेशर हॉर्न की कर्कश ध्वनि से आम लोगों को काफी पीड़ा होती है। मार्ग पर शासकीय कार्यालय, विद्यालय और रहवासी कालोनियां स्थित है। नगर में बाइक एवं बुलेट में अवैध रूप से मोडिफाइड लगे साइलेंसर की वजह से बंदूक की गोली जैसी कान फोड़ू आवाज निकलती है। जिससे राहगीरों एवं अन्य वाहन चालक घबराकर अपना संतुलन को देते हैं। जिससे दुर्घटना होने की संभावना रहती है। नगर के कई स्कूलों की बसें भी नगरीय क्षेत्र में अत्यधिक तेज गति से चलती है। जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। नगर में यातायात सुधार करने के लिए ट्रैफिक पुलिस की आवश्यकता है। जो नगर के व्यस्त क्षेत्र में तैनात होकर आवागमन को नियंत्रित कर सके। ज्ञापन देते समय नगर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश होती विधायक प्रतिनिधि कैलाश गुप्ता, निर्मल वर्मा, विनोद शर्मा,चेतन सिंह राठौड़, अश्विन पाटीदार, महेंद्र कटरा, अनुप जैन, अक्षत चोपड़ा, बद्री लाल पाटीदार, सुरेश माली, भेरूलाल वसुनिया, हजारीलाल मुकाती,राजेंद्र जाट, आशीष जोशी, मोहन जाट, कैलाश सिरवी, ओमप्रकाश परमार, राजेश भाटी आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गोदामों के बेहतर संचालन के लिये खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने तीन एप किए लाँच

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गोदामों के रियल टाइम निरीक्षण, गोदामों में भण्डारित खाद्यान्न की नमी का पता लगाने एवं दवाओं के छिड़काव के लिये सरकार ने तीन अलग-अलग एप तैयार कराए हैं। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने शनिवार को ग्वालियर में एक स्थानीय होटल में आयोजित हुए कार्यक्रम में लेपटॉप पर क्लिक कर इन एप का शुभारंभ (लाँच) किया। इस अवसर पर वेयर हाउस कॉर्पोरेशन के रीजनल मैनेजर श्री मनीष वर्मा व जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री अरविंद सिंह भदौरिया सहित खाद्य विभाग व वेयर हाउस के अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण ऐप गोदामों का हो सकेगा रियल टाइम निरीक्षण ।


किस ब्रांच का निरीक्षण किस अधिकारी द्वारा होगा इसका रोस्टर भोपाल मुख्यालय से बनेगा।

इस मोबाइल ऐपलिकेशन के माध्यम से ब्रांचों के गोदामों का क्रॉस निरीक्षण होगा ।

एक ब्रांच के गोदामों का निरीक्षण अन्य ब्रांच के ब्रांच मैनेजर द्वारा किया जायेगा । गोदामों पर व्यक्तिगत रूप से पहुंचने के बाद ही मोबाइल ऐपलिकेशन के माध्यम से निरीक्षण की जानकारी, फोटो आदि अपलोड करने होंगे।

यदि कोई निरीक्षण कर्ता गोदाम से 100 मीटर से अधिक की दूरी पर है तो मोबाइल ऐप से निरीक्षण नहीं हो सकेगा।

# एसआईआर मैपिंग व गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन का शेष कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें




**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शेष गणना पत्रकों की मैपिंग एवं डिजिटाइज्ड करने का काम जल्द से जल्द पूर्ण करें, जिससे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सीमा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य पूर्ण हो सके। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने दिए। वे शनिवार को डबरा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की समीक्षा कर रहीं थीं। एसआईआर की समीक्षा के बाद उन्होंने लोगों की समस्यायें व कठिनाईयां भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने इस अवसर पर लोगों से कहा कि वे एसआईआर कार्य में भी सहयोग करें। जिन मतदाताओं ने अभी तक गणना पत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध नहीं कराए हैं, उन्हें बताएं कि गणना पत्रक जमा नहीं किए तो आप के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाएंगे। कलेक्टर ने इस दौरान एसआईआर में संलग्न बीएलओ को प्रोत्साहित किया। साथ ही स्थानीय निवासियों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय महत्व के एसआईआर कार्य में संलग्न बीएलओ का सम्मान व सहयोग करें।

# जेल में उपलब्ध लीगल एड क्लिनिक से बंदियों को मिलेगी विधिक सहायता- न्यायाधीश प्रदीप सोनी



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार जेल में उपलब्ध लीगल एड क्लिनिक से बंदियों को प्रति सप्ताह विधिक सहायता एवम विधिक सलाह प्राप्त होगी यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं न्यायाधीश श्री प्रदीप सोनी ने बदनावर उपजेल में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर व निरीक्षण के दौरान कही न्यायाधीश ने बताया कि जेल में स्थित लीगल एड क्लिनिक के लिए पैनल लॉयर एम .एस. सोनगरा व पी एल वी जयेश राजपुरोहित की नियुक्ति की गई है जो प्रति सप्ताह बंदियों की समस्याओं को सुन कर उन्हें विधिक सलाह व सुझाव देंगे । उन्होंने बंदियों से भोजन की गुणवत्ता, पेशी की व्यवस्था और मुलाकात की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही, स्वास्थ्य सुविधाओं और इलाज के लिए किसी बंदी को बाहर भेजे जाने की प्रक्रिया पर भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

न्यायाधीश श्री प्रदीप सोनी ने बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता योजना, मध्यस्थता और प्ली बार्गेनिंग योजना एवम समझौता योग्य प्रकरणों का लोक अदालत में आपसी समझौते से निराकरण जैसी महत्वपूर्ण कानूनी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बंदियों को उनके मामलों से जुड़े कानूनी प्रावधानों और आगे की न्यायिक प्रक्रिया के संबंध में भी अवगत कराया।

इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक मनोज कुमार मिश्रा , जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिमोन सुलिया,मानव अधिकार एक्टिविस्ट एवम पी एल वी जयेश राजपुरोहित , अभिभाषक एम.एस. सोनगरा जेल स्टाफ, व सभी 70 बंदी उपस्थित थे। इस पहल का उद्देश्य बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था

# पाप संकट मौत अनहोनी ओर यमराज भी वापस भाग जाएंगे अगर आपके पास पुण्य है - पं नागर

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** समय तो साथ देता है अगर शरीर साथ दे तो भगवान के भजन में लगाना । बहुत कम लोग होते हे जिनका समय ओर शरीर ठीक रहता है समय रहते अच्छे काम निपटालना क्योंकि अच्छा समय कम ही मिलता हैं। शरीर में दुख होगा तो चलेगा लेकिन दोष नहीं होना चाहिए यह बात तिलगारा में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन पंडित कमलकिशोर जी नागर ने कही । साथ ही भागवत के माहात्म्य के वर्णन करते हुए कहा कि आज फालतू के काम जिंदगी गवा रहे लोग। झूठ कपट पाखंड से घिरते जा रहे हे इससे छुटकारा पाने के लिए मनुष्य की अवगुणों को छोड़ कर धर्म के रास्ते पर चलना पड़ेगा और भागवत कथा श्रवण करके उसका चिंतन करना पड़ेगा क्योंकि व्यास पीठ ने कितनो को ही सुधार दिया है। सत्संग वायु तत्व समान हे जो नजर नहीं



आता। जिंदगी में कभी भी अपने लक्ष्य से मत भटकना क्योंकि दुनिया टांग खींचने वालों से भरी पड़ी है।

पाप यमराज संकट और मौत भी वापस चली जाएगी अगर आप के पाप पुण्य है।आज यमराज भी देखते आपने जीवन में क्या काम किया कितना दान धर्म भजन और प्रार्थना की है आज के समय में दिखावे का समय चल रहा है। मन से कभी सच्ची भगवान की भक्ति नहीं है टोने टोटके के भरोसे बैठा है इंसान। अगर मन से भगवान की भक्ति की होती तो आज टोने टोटके की जरूरत नहीं पड़ती। प्याज का काम रुलाना ही है उसे प्रेम से काटो या द्वेष से ।

जिस प्रकार ग्यारस के एक दिन पहले ही उपवास की तैयारी मूंगफली के दाने निकालकर करते हे उसी प्रकार जीवन को अमूल्य समझ कर भजन भक्ति धर्म के रास्ते पर चल कर परलोक जाने की तैयारी कर लेना चाहिए। ताकि मरने के बाद दूसरे को ग्यारस करने की आवश्यकता न पड़े।

परमात्मा को धन दौलत प्रसाद नारियल की आवश्यकता नहीं है भगवान को भाव के भूखे है उन्हें केवल विनम्रता से विनती करनी चाहिए। कभी कभी प्रेम और करुणा से कि गई प्रार्थना भी काम कर जाती है।ये चढ़ावा मंतर तंतर दिखावे से कुछ नहीं होता। भगवान को अपनी आत्म से निकले गहरे अनुराग को प्रकट करो।

कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के लिए पूरे पंडाल को फूलों से सजाकर धूमधाम से मनाया। कथा पंडाल में पुष्प वर्षा की गई।

रात्रि में जाप के लिए बड़ी संख्या में आस पास के गांवों से पहुंच रहे लोग।

दूर से आए करीब डेढ़ से दो हजार श्रोता पंडाल में ही रात्रि विश्राम करते है। आयोजक समिति द्वारा रुके हुए श्रोताओं के लिए चाय नाश्ता तथा भोजन की व्यवस्था की गई।

# ग्वालियर मेले में अब तक 741 दुकानों का लिया गया आधिपत्य

**ग्वालियर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्वालियर मेले में शुक्रवार शाम तक 741 दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का आधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है।

एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 1960 आरक्षित दुकानें आवंटित की गई हैं। अनारक्षित दुकानों को आवंटित करने के लिये भी एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवंटन की सुविधा दी गई है। अभी तक 209 अनारक्षित दुकानों का आवंटन किया जा चुका है।

श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले का आयोजन 25 दिसम्बर से 25 फरवरी तक होगा। मेले में दुकानें लगने का सिलसिला शुरू हो गया है। मेले में दुकान लगाने के इच्छुक दुकानदार एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर सेक्टर वाइज रिक्त दुकानों में से अपनी पसंद की दुकान चिन्हित कर ऑनलाइन आवेदन कर आवंटन प्राप्त कर सकते हैं।

मेला सचिव श्री सुनील त्रिपाठी ने स्पष्ट किया गया कि इस साल मेले में जिन दुकानदारों को ऑनलाइन दुकानें आवंटित हुई हैं, यदि उन्होंने 10 दिसम्बर तक दुकानों का आधिपत्य नहीं लिया तो उन पर प्राधिकरण द्वारा प्रतिदिन 200 रुपए के हिसाब से अर्थदण्ड लगाया जायेगा। दुकानदारों से साफतौर पर कहा गया है कि दुकान के बीमा व अग्निशमन यंत्र के प्रमाण की प्रति पोर्टल पर अनिवार्यतः अपलोड कर दें। दुकानदार अपनी सुविधा के अनुसार दुकान का बीमा करा सकते हैं।

ग्वालियर व्यापार मेला में सजग व्यवसाइयों द्वारा उत्साह के साथ अपनी दुकानों को सजाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। झूला सेक्टर में तेजी के साथ झूले आकार ले रहे हैं।

# तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत जागरूकता संगोष्ठी सम्पन्न

**दतिया/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखेड़े के निर्देशन में जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में देश में तम्बाकू सेवन के बढ़ते दुष्प्रभावों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले की शैक्षणिक संस्थाओं में व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय हाईस्कूल क्र-1, सिविल लाइन दतिया में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. देवेन्द्र घुरैया ने तम्बाकू जनित बीमारियों को कम करना, युवाओं को तम्बाकू की लत से बचाना तथा एक स्वस्थ समाज का निर्माण करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री रामजीशरण राय सदस्य बाल कल्याण समिति व विषय विशेषज्ञ ने उपस्थित स्टाफ व छात्र-छात्राओं को अभियान में सहयोगी बनने के साथ ही स्वयं को तम्बाकू से बने पदार्थों से दूर रहने का आव्हान किया। साथ ही तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम-2003 व किशोर न्याय अधिनियम-2025 के प्रावधानों की जानकारी दी। वहीं विशिष्ट अतिथि श्री संतोष तिवारी सदस्य बाल कल्याण समिति ने जन-जागरूकता अभियान के माध्यम से स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर तम्बाकू उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देने के प्रयास की सराहना की। शिक्षा विभाग से विकाश शुक्ला ने विद्यालय स्तरीय कार्यक्रम आवश्यक हैं इनके प्रभाव से युवाओं को तम्बाकू से दूर रखा जा सकता है।

# नेपानगर में पेयजल संकट और लंबित विकास कार्यों पर बड़ा सवाल – वार्ड 2 की पार्षद अनीषा राजेश पटेल ने CMO को सौंपा विस्तृत ज्ञापन

**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में लगातार बढ़ रहे पेयजल संकट और वार्ड 2 के लंबे समय से अधूरे पड़े विकास कार्यों को लेकर वार्ड क्रमांक 02 की पार्षद अनीषा राजेश पटेल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक विस्तृत एवं गंभीर मुद्दों वाला ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में नगर की मूलभूत समस्याओं का उल्लेख करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

वार्ड 1 से 5 तक पेयजल वितरण चरमराया - नागरिक परेशान

पार्षद अनीषा पटेल ने कहा कि पिछले कई महीनों से वार्ड क्रमांक 1 से 5 में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है।

जिसके चलते लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है और संघर्ष बढ़ता जा रहा है।

उन्होंने बताया कि नलङ्कजल योजना, जो सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, आज तक नेपानगर में प्रारंभ नहीं हो पाई। अनेक बार आवेदन और स्मरणपत्र देने के बावजूद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है।

वार्ड 02 के विकास कार्य वर्षों से ठप – स्वीकृत कार्य कागज़ों पर ही सीमित

पार्षद ने ज्ञापन में बताया कि पूर्व बैठकों एवं प्रेसिडेंट एंड काउंसलिंग में वार्ड क्रमांक 02 के लिए जो कार्य स्वीकृत हुए थे, वे या तो अधूरे हैं या अभी तक शुरू ही नहीं हुए।

समय सीमा समाप्त होने के बाद भी प्रगति शून्य होने से जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ज्ञापन में शामिल अधूरे और लंबित 21 कार्यों की विस्तृत सूची

स्वीकृत कार्यों में प्रमुख रूप से- हिलटॉप क्षेत्र में सड़क, सभा मंडप, ओपन जिम उपकरण

नेपा हॉस्पिटल एवं सिटीजन स्कूल तक पहुंच मार्ग

C-Type कॉलोनी में CC रोड

बहुजन नगर में स्वागत द्वार

कई क्षेत्रों में RCC नाली और ब्लॉक निर्माण

यूनियन चर्च में पेवर ब्लॉक एवं गेट

खेल परिसर में डोम निर्माण

LOVE NEPANAGAR फ्रेम

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हाई मास्क लाइट

चार साल से लंबित शहीद सरदार भगत सिंह की प्रतिमा स्थापना

पार्षद ने आरोप लगाया कि - कई काम केवल दिखावे के लिए शुरू किए गए और बाद में रोक दिए गए।

ज्ञापन में उठाई गई प्रमुख मांगें- पार्षद अनीषा राजेश पटेल ने CMO से अनुरोध किया कि –

1. नल- जल योजना को प्राथमिकता देकर तुरंत शुरू किया जाए।
2. वार्ड 1 से 5 में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।
3. स्वीकृत निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति सार्वजनिक की जाए।
4. सभी लंबित कार्यों को पूरा करने के लिए नई समयसीमा तय की जाए।

उन्होंने कहा कि ये विषय नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े हैं और त्वरित कार्रवाई से जनता का भरोसा नगर पालिका पर मजबूत होगा।

प्रतिलिपि भेजी गई

नगरपालिका अध्यक्ष नेपानगर

संभाग आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग, इंदौर

जिला कलेक्टर, बुरहानपुर

पार्षद अनीषा राजेश पटेल की इस पहल के बाद अब नगरजनों में उम्मीद है कि प्रशासन जल्द निर्णायक कदम उठाएगा।

# दुकानदारों को चेतावनी तक सीमित, रोड पर अतिक्रमण अब भी जारी

## अतिक्रमण रोकने का नगर परिषद का केवल नोटिस अभियान

**सुसनेर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर में सड़कों पर अतिक्रमण की समस्या लगातार बनी हुई है। लेकिन नगर परिषद की कार्रवाई अभी केवल नोटिस देने तक ही सीमित है। शुक्रवार को मिली शिकायत के बाद मुख्य नगर परिषद अधिकारी ओपी नागर ने सराफा बाजार रोड से हनुमान छतरी चौक तक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकानदार दिलीप कुमार मित्तल, राजेश कुमार जैन और अशोक कुमार जैन ने अपनी दुकानों के सामने समान रखकर रोड पर अतिक्रमण किया हुआ था।

नगर परिषद के अधिकारियों ने दुकानदारों से बातचीत कर उन्हें चेतावनी दी जिसमें सभी ने कहा कि वे अगले दिन से समान नहीं रखेंगे। इसी तरह, हाथी दरवाजे से साईं चौराहे तक कई दुकानदारों ने टीन सेट लगाकर सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ था। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने पुनः अपील की कि तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाया जाए, अन्यथा शासन स्तर से कार्रवाई की जाएगी। हालांकि नगर परिषद ने अभी तक कोई वास्तविक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू नहीं की है और सभी कदम केवल नोटिस वितरण तक ही सीमित रहे। नगर में साई चौराहे से हाथी दरवाजा तक लगभग 180 से 200 दुकानदारों को नोटिस देकर चेतावनी दी गई है। इसके अलावा बस स्टैंड स्थित तालाब के पास गुमटी संचालकों को भी नोटिस थमाए गए हैं। और शहीद पार्क के पास रखी गुमटियां और टिन शेड हटाने की मांग की जा रही है। नगर परिषद के केवल नोटिस देने तक सीमित रहने से शहरवासियों में नाराजगी व्याप्त है। लोग मानते हैं कि नोटिस केवल कागज़ों तक ही सीमित रह जाएंगे और वास्तविक सड़क सुधार नहीं होगा। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो सड़कों पर आवागमन और दुर्घटना की स्थिति गंभीर बनी रहेगी।

नगर परिषद का यह अभियान फिलहाल केवल चेतावनी तक सीमित है और यह देखना बाकी है कि वास्तविक कार्रवाई कब शुरू होगी। शहरवासियों और व्यापारियों की नजर अब नगर परिषद की ठोस कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### इनका कहना

नगर में मुख्य बाजार का निरीक्षण कर दुकानदारों को चेतावनी दी गई है। अतिक्रमण हटाने की कारवाई की जाएगी।

**-ओपी नागर**
**सीएमओ नगर परिषद सुसनेर**

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अभिषेक जो बदल कर मेरा नाम अभिषेक आंजना हो गया है । भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये ।

अभिषेक आंजना
पता-ग्राम सारोला जिला उज्जैन, Mo-8085972424

# आबकारी विभाग झाबुआ की कार्यवाही

## गुजरात सीमा पर ग्राम पिटोल से 1 लाख 56 हजार रुपये से अधिक की अवैध शराब जप्त की गई



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** झाबुआ जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं परिवहन पर प्रभावी रोकथाम हेतु कलेक्टर झाबुआ नेहा मीना तथा संभागीय उड़नदस्ता इंदौर के उपायुक्त श्री संजय तिवारी द्वारा निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के अनुपालन में जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती बसंती भूरिया के मार्गदर्शन में आज 05 दिसम्बर 2025 को आबकारी विभाग ने कार्यवाही को अंजाम दिया।

मुखबिर की सूचना पर आबकारी वृत्त झाबुआ 'ब' की टीम ने गुजरात सीमा पर स्थित ग्राम पिटोल में बताए गए स्थान पर दबिश दी। मंगू मेड़ा की किराना दुकान के पीछे रखी लोहे की पेटी की विधिवत तलाशी लेने पर माउन्ट 6000 सुपर स्ट्रांग बियर की 30 पेटी एवं बैगपाइपर व्हिस्की की 09 पेटी, इस प्रकार कुल 39 पेटी (कुल 437.76 बल्क लीटर) अवैध मदिरा जप्त की गई।

मौके से आरोपी मंगू पिता फतिया मेड़ा फरार हो गया, जिसके विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 एवं संशोधित अधिनियम 2000 की धारा 34(1)(क) एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही नवीन प्रावधानों के तहत विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के साथ संपन्न की गई। जप्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 1,56,240/- है।

यह कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री महादेव सोलंकी के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक श्री विकास वर्मा एवं उनकी टीम श्री मदन राठौड़, श्री विजय चौहान, श्रीमती पुष्पा बारिया तथा वाहन चालक श्री दीपक भूरिया द्वारा सफलतापूर्वक की गई। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध ऐसी प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियाँ आगे भी लगातार जारी रहेंगी।

# कलेक्टर द्वारा आकांक्षी ब्लॉक की समीक्षा बैठक आयोजित



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लॉक की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, आधारभूत संरचना एवं कौशल विकास जैसे प्रमुख इंडिकेटर्स की वर्तमान प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर ने विभागीय प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक इंडिकेटर से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, जिससे क्षेत्र में बुनियादी सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि आकांक्षी ब्लॉक का समग्र विकास शासन की प्राथमिकता है, जिसके लिए सभी विभागों का समन्वित प्रयास आवश्यक है।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेंद्र सिंह चौहान, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, सीएमएचओ डॉ. बी. एस. बघेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री आर. एस. बघेल, जिला योजना अधिकारी श्रीमती हेलेन वसुनिया सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरएके कृषि महाविद्यालय सीहोर में अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस का आयोजन

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस का आयोजन राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर (म.प्र.) के अंतर्गत आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय सीहोर में किया गया। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस का विषय स्वस्थ शहर के लिए स्वस्थ मिट्टी रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एम. यासीन अध्यक्ष के रूप में तथा मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.सी. गुप्ता संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। कृषक प्रतिनिधि के रूप में प्रगतिशील कृषक प्रहलाद सिंह एवं भगत जी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इस अवसर पर स्वस्थ शहर के लिए स्वस्थ मिट्टी विषय पर भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल के पूर्व निदेशक डॉ. एस.पी. दत्ता द्वारा महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। उन्होंने भूमि को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग एवं कार्बन संचरण पर विशेष जोर देते हुए मृदा- पौध- जीव वातावरण के पारस्परिक संबंधों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. एस.सी. गुप्ता ने परिचयात्मक उद्बोधन देते हुए मृदा दिवस मनाने के उद्देश्य, मृदा स्वास्थ्य और गुणवत्ता के संरक्षण, तथा टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने हेतु जनजागरूकता की आवश्यकता पर सभी से आग्रह किया। प्रगतिशील कृषक प्रहलाद सिंह ने जैविक खेती एवं संतुलित रसायनों के उपयोग से मृदा को स्वस्थ रखने के अपने अनुभव साझा किए।

# ग्राम पंचायत भुईफल तथा गांधवा में ग्रामीणों ने बनाया ''बोरी बंधान''




**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** खण्डवा जिले में कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देशन में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत नदी नालों में बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से गांव-गांव में बोरीबंधान संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गुरूवार को पंधाना विकासखंड के ग्राम गांधवा में गिट्टी खदान के समीप नाले पर ग्रामीणों ने श्रमदान कर बोरी बंधान संरचना निर्मित की। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था अक्षर ज्योति शिक्षा एवं जन सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से आयोजित किया गया। विकास खण्ड समन्वयक श्री अजय गुजरे ने इस अवसर पर ग्रामीणों को जनसहयोग से जल स्त्रोतों के रखरखाव और जल संरक्षण के उपायों के बारे में समझाया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणजनों के साथ साथ सीएम सीएलडीपी पाठ्यक्रम के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू कक्षाओं के विद्यार्थीगण मौजूद थे।

# म.प्र जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम चौपाल आयोजित



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड रामा जिला झाबुआ की नवांकुर संस्था शकुंतला समाज सेवी संस्था द्वारा सेक्टर रामा के ग्राम राछ्वा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें संभाग समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद श्री अमित शाह, जिला समन्वयक श्री प्रेमसिंह चौहान, झाबुआ विकासखंड समन्वयक श्री तेजसिंह देव उपस्थित थे।

इस अवसर पर संभाग समन्वयक श्री अमित शाह ने संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा गठित प्रस्फुटन समितियां अपने-अपने ग्राम को आदर्श ग्राम बनाने के लिए कार्य करे। समिति के माध्यम से जन सूचना केंद्र संस्कार केंद्र संचालित कर शासकीय योजनाओं के हितग्राही को योजना का लाभ दिलवाने में सहयोग करें तथा जल संरक्षण हेतु सामूहिकता से श्रमदान कर बोरी बंधान करना चाहिए। स्वास्थ्य शिक्षा जैविक कृषि तथा नशा मुक्ति अभियान पर भी प्रकाश डाला। जिला समन्वयक श्री प्रेमसिंह चौहान ने नवांकुर प्रस्फुटन समिति मेंटर्स व मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम के पटेल श्री कुंवरसिंह भूरिया ने भी संबोधित किया। संचालन विकासखंड समन्वयक श्री तेजसिंह देव ने किया आभार नवांकुर संस्था अध्यक्ष श्री राजेश सोयडा ने माना।

इस अवसर पर समस्त नवांकुर संस्था से श्री मुनिया हीहोर, श्री दिलीप बामनिया, श्री मुनालाल डामोर, श्री राजेंद्र डिंडोर, सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष सचिव, परामर्शदाता श्री करन सिंह परमार, सोनम बामनिया, श्री रत्नेश डोडियार, क्रांति व्यास बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने सेमलिया बड़ा में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (VHSND) सत्र का किया निरीक्षण



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना ने शुक्रवार को आंगनवाड़ी केंद्र सेमलिया बड़ा में आयोजित Village Health Sanitation and Nutrition Day (VHSND) सत्र का निरीक्षण किया। प्रत्येक शुक्रवार आंगनवाड़ी केंद्रों पर आयोजित होने वाले इन सत्रों के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य, पोषण एवं मातृ-शिशु देखभाल संबंधी सेवाएँ एवं परामर्श प्रदान किया जाता है।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर नेहा मीना ने गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच, वजन, हीमोग्लोबिन जांच, टीकाकरण, आयरन-फोलिक एसिड वितरण, कुपोषित बच्चों की निगरानी सहित किशोरियों को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी चर्चा की। इसके साथ ही हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, स्वच्छता, सुरक्षित प्रसव, हाथ धोने की आदत, स्तनपान के महत्व तथा एनीमिया रोकथाम एवं परिवार नियोजन पर सामुदायिक काउंसलिंग भी की गई।

कलेक्टर नेहा मीना ने सत्र में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों से संवाद कर प्रदान की जा रही सेवाओं, सत्र की नियमितता और गुणवत्ता की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बच्चों को दिए जाने वाले आयरन-फोलिक एसिड सिरप तथा महिलाओं के लिए आयरन सुक्रोज इंजेक्शन हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध न पाए जाने पर कलेक्टर ने एएनएम एवं सीएचओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही खराब मॉनिटरिंग पर बीएमओ को तथा अनाधिकृत अनुपस्थिति पर सीडीपीओ को नोटिस जारी करने निर्देशित किया।

संवाद के दौरान कुछ महिलाओं ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा प्रसूता सुरक्षा एवं जननी सुरक्षा योजना का लाभ न मिलने की जानकारी दी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग को संयुक्त रूप से विस्तृत रिपोर्ट जिसमें लाभार्थियों की पात्रता, योजनाओं का लाभ न मिलने के कारण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने VHSND सत्रों को ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए संबंधित विभागों को सेवाओं की 100% उपलब्धता तथा लाभार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम को घर-घर जाकर लाभार्थियों को सत्र की सूचना देने के निर्देश भी प्रदान किए। इस दौरान सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एस बघेल, बीएमओ एवं अन्य उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ने कैलाश का सपना साकार किया

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुनासा विकासखण्ड के ग्राम अटूटखास निवासी कैलाश पिता सायबा राठौर मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण मुश्किल से ही कर पाता था और कच्चे मकान में जीवन यापन कर रहा था। ऐसे में पक्का मकान बनाना उसके लिए सपने जैसा था। घर में पत्नी तो रोज कैलाश से पक्का मकान बनाने को कहती थी, पर अपनी खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देकर वह हमेशा पक्के मकान की बात को टाल देता था। एक दिन पंचायत सचिव ने कैलाश को बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में उसका नाम पात्रता सूची में होने से उसके लिए पक्का आवास स्वीकृत हो गया है, तो कैलाश की खुशी का ठिकाना न रहा।

कैलाश को कुछ दिनों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2-3 किश्तों में कुल 1.35 लाख रूपये की आर्थिक मदद पक्का मकान बनाने के लिए मिल गई, जिससे उसने पक्का मकान बना लिया। अब कैलाश अपने परिवार के साथ पक्के मकान में रह रहा है।

वह कहता है कि यदि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरकार से राशि नहीं मिली होती, तो वह कैसे भी पक्का मकान नहीं बना पाता। इसके लिए कैलाश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बार बार आभार प्रकट करता है। कैलाश कहता है कि पहले गरीबी के कारण पक्का मकान बनाना एक सपने की तरह था, जो कि प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से साकार हो गया।

# कलेक्टर ने जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक ली



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा कलेक्टर सभा कक्ष में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, कुपोषण उन्मूलन, टीएचआर वितरण सहित विभिन्न पोषण व स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई।


बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 74.23 प्रतिशत प्रगति होने पर परियोजनावार गहन समीक्षा की गई तथा सेक्टरवार सुपरवाइजर से जानकारी ली गई। इसी प्रकार लाड़ली लक्ष्मी योजना के वार्षिक लक्ष्य 6802 के विरुद्ध 62.67 प्रतिशत उपलब्धि होने पर कलेक्टर ने कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कुपोषण मुक्त झाबुआ अभियान के अंतर्गत सैम एवं मैम श्रेणी के कुपोषित बच्चों की पुनः व्यवस्थित स्क्रीनिंग कर आंकड़ों को अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर द्वारा किए जाने वाले निरीक्षणों की समुचित एवं स्पष्ट जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही सैम एवं मैम कुपोषण वाले केंद्रित हॉटस्पॉट का चिन्हांकन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने टीएचआर वितरण, वीएचएसएनडी सेशंस, विभिन्न स्पॉन्सरशिप योजनाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि 15 दिनों के भीतर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित हो एवं परियोजनावार समीक्षा बैठकें सुनिश्चित की जाएं।

कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के लिए वर्कशॉप आयोजित की जाए, जिसमें कुपोषण स्क्रीनिंग, विभागीय निर्देश, पोषण ट्रैकर ऐप एवं प्रमुख योजनाओं के संबंध में विस्तृत ओरिएंटेशन दिया जाए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

जिले में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्रों, रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं एवं पोषण वाटिका का निर्माण कार्य समयसीमा में पूर्ण हो, इसके लिए सभी संबंधित विभागों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. बघेल, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.एस. बघेल सहित सभी बीएमओ, सीडीपीओ एवं संबंधित सेक्टर सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# अपर कलेक्टर श्रीमती राठौर ने की प्रधानमंत्री उज्जवला 3.0 योजना की प्रगति की समीक्षा



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अपर कलेक्टर श्रीमती रेखा राठौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाग्रह में प्रधानमंत्री उज्जवला 3.0 योजना की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी श्री एच.एस. मुवेल द्वारा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अपर कलेक्टर श्रीमती राठौर द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रत्येक गैस एजेंसी को दिसंबर 2025 के अंत तक 1000 गैस कनेक्शन तथा शहरी क्षेत्र की प्रत्येक गैस एजेंसी को 500 गैस कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य प्राप्त करना है। गैस एजेंसी संचालकों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के लिए पर्याप्त प्रचार-प्रसार एवं शिविर आयोजित करने के साथ-साथ स्थानीय कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने को कहा गया। इस कार्य की दैनिक समीक्षा विभाग के सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं गैस एजेंसीवार की जाएगी।

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला 3.0 योजना पुनः प्रारंभ की गई है। योजनान्तर्गत पात्र हितग्राहियों के लिए पात्रता की शर्तें इस प्रकार हैं कि परिवार का कोई भी सदस्य आयकर दाता, सरकारी कर्मचारी, 50 हजार से अधिक की किसान क्रेडिट कार्ड सीमा वाला, 2.5 एकड़ से अधिक भूमि का स्वामी एवं मौजूदा एलपीजी कनेक्शनधारी (सामान्य/उज्जवला कनेक्शनधारी) हो, तो वह योजना के लिए पात्र नहीं होगा। इसके अलावा बाकी सभी हितग्राही पात्र माने जाएंगे। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों में परिवार समग्र आईडी, परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर की छायाप्रति एवं 14 बिंदुओं का स्व-घोषणा पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

बैठक में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के जिला नोडल अधिकारी श्री राहुल चंदेल, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्री राजेन्द्र सोलंकी एवं श्रीमती प्रीति राठौर, श्री रविन्द्रसिंह ठाकुर, तथा श्री नरेन्द्रसिंह, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एवं जिले के 38 गैस एजेंसियों के संचालक उपस्थित थे।

# विधानसभा क्षेत्र 186-भगवानपुरा में गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन 100 प्रतिशत पूर्ण

**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 186-भगवानपुरा में दिनांक 04 दिसंबर 2025 की रात्रि 12 बजे की स्थिति अनुसार गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कार्य 100 प्रतिशत पूरा हो गया है।

इस उपलब्धि के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने विधानसभा क्षेत्र द्वारा न्यूनतम नो मैपिंग और असंग्रहित गणना पत्रकों के साथ सर्वोच्च गुणवत्ता के साथ डिजिटाइजेशन पूर्ण करने पर ईआरओ श्री अनिल जैन, एईआरओ श्री संजय चौहान और समस्त निर्वाचन टीम को बधाई दी है। विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचन टीम मे बीएलओ, सुपरवाइजर और मास्टर ट्रेनर्स के अतिरिक्त नोडल अधिकारियों- तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ, सीएमओ, बीईओ, बीआरसी और सीडीपीओ ने समय सीमा से पूर्व डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने में अहम योगदान दिया है।

उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र-186 भगवानपुरा में कुल 269 मतदान केन्द्रों में 269 बीएलओ द्वारा 260463 मतदाताओं में से 250626 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन कार्य पूर्ण किया गया है। शेष मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट पाये गए है, जिनका गणना पत्रक असंग्रहित रहा। क्षेत्र में 379 ऐसे मतदाता है जिनकी मैपिंग वर्ष 2023 की मतदाता सूची से नहीं हो पाई है।

अब तक जिले के पांच विधानसभा क्षेत्रों- कसरावद, महेश्वर, खरगोन, भीकनगांव एवं भगवानपुरा ने समयावधि से पूर्व यह उपलब्धि हासिल की है। दिनांक 05.12.2025 की दोपहर 02 बजे की स्थिति अनुसार विधानसभा क्षेत्र-182 बड़वाह में डिजिटाइजेशन कार्य 99.85 प्रतिशत हो चुका है।

# कलेक्टर द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति कार्यकारी बैठक का आयोजन

## एएनसी रजिस्ट्रेशन एवं चेकअप में उत्कृष्ट कार्य करने पर सुपरवाइजर सम्मानित

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति कार्यकारी बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित प्रमुख पैरामीटर्स एएनसी रजिस्ट्रेशन, इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम, टीकाकरण, टीबी मुक्त भारत अभियान, सार्थक एप, परख एप, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्थिति सहित अनेक बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान एएनसी रजिस्ट्रेशन, पहले ट्राईमेस्टर एवं एएनसी चेकअप में उत्कृष्ट कार्य करने पर सुपरवाइजर श्रीमती हेलेना एवं श्री अब्दुल सलाम का पुष्पमाला से सम्मान किया गया। साथ ही कलेक्टर ने 26 जनवरी के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य हेतु दोनों को प्रमाण-पत्र प्रदान करने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त, पिछले बार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने पर बीएमओ थांदला को भी सम्मानित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. बघेल ने अवगत कराया कि 1 अप्रैल 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक कुल 22,556 एएनसी रजिस्ट्रेशन किए जा चुके हैं। ब्लॉकवार समीक्षा के दौरान मेघनगर में लक्ष्य की तुलना में मात्र 65.23 प्रतिशत उपलब्धि पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कम प्रदर्शन करने वाले सेक्टर सुपरवाइजर एवं सब-हेल्थ सेंटरों की पृथक समीक्षा करते हुए कारणों की जानकारी ली। वहीं, अच्छा प्रदर्शन करने वाले सेक्टरों एवं केंद्रों से उनके श्रेष्ठ कार्य के तरीकों की जानकारी भी प्राप्त की गई। बैठक में पहले ट्राईमेस्टर, चौथे एएनसी चेकअप एवं हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं का व्यवस्थित चिन्हांकन कर समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसी महिलाओं का नियमित फॉलोअप कर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया।

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने मृत्यु के कारणों की सतत मॉनिटरिंग करने तथा प्रत्येक प्रकरण की समीक्षा कर सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत बैंक खाते में त्रुटियों के कारण रुके हुए भुगतान को एनपीसीआई के माध्यम से सुधारने हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता द्वारा त्वरित कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर बल दिया। होम बेस्ड न्यू-नेटल केयर की केवल 78.36 प्रतिशत उपलब्धि होने पर कलेक्टर ने आशा कार्यकर्ताओं को नवजात बच्चों के घर जाकर नियमित विज़िट एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम की समीक्षा के दौरान यू-विन पोर्टल पर टीकाकरण की जानकारी समय पर अद्यतन करने के लिए भी निर्देशित किया गया। सिकल सेल स्क्रीनिंग की समीक्षा में बताया गया कि कुल 1,674 रोगियों में से 1,011 के दिव्यांगता प्रमाण पत्र तैयार किए जा चुके हैं।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं ने उज्जैन में गिराया पारा

## रात का तापमान पहुँचा 11.7 डिग्री पर, दिन में भी सर्दी बढ़ी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश के उत्तर पूर्वी रा'यों और पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के कारण मालवा में ठंडी हवाएँ चल रही है। इसके कारण उ'जैन में भी तापमान गिर गया है और आज सुबह न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुँच गया। ठंडी हवाओं के कारण दिन के तापमान में भी गिरावट आई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले चार-पांच दिनों से शहर में दिन और रात का तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण सुबह और शाम के वक्त सर्दी का एहसास हो रहा था। दोपहर में अधिकतम तापमान 26 से ×0 डिग्री तक रहने के कारण मामूली गर्मी भी महसूस हो रही थी। लेकिन पिछले दो दिनों से देश के उत्तर पूर्वी रा'यों और विशेष कर पहाड़ों में शुरू हुई बर्फबारी के कारण उत्तर पूर्वी सर्द हवाओं ने पूरे मालवांचल में भी तापमान को गिरा दिया है। वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त ने बताया कि एक दिन पहले गुरुवार को न्यूनतम तापमान 1× डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ था परंतु आज सुबह यह शीतलहर के कारण 1.5 डिग्री गिरकर 11.7 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। गुरुवार को अधिकतम तापमान भी 27.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुँच गया था। इसके कारण कल दिन में भी सर्दी का एहसास होता रहा। वहीं आज न्यूनतम तापमान के गिर जाने से उ'जैन में सर्दी और बढ़ गई है। उन्होंने यह भी बताया कि 25 दिसंबर तक उत्तर पूर्वी रा'यों से सर्द हवाएँ चलने का अनुमान है। ऐसे में उ'जैन सहित आसपास के जिलों में भी आने वाले तीन-चार दिनों तक दिन और रात के तापमान में गिरावट बनी रहेगी। संभावना है कि अगले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे जा सकता है। इसके साथ ही अधिकतम तापमान में भी दो से तीन डिग्री की गिरावट और आ सकती है। आज सुबह न्यूनतम तापमान गिरने और ठंड बढ़ने के कारण विशेष कर सुबह के समय लोगों की दिनचर्या पर असर नजर आया। सुबह की शिफ्ट में लगने वाले स्कूलों में भी ब'चे गर्म कपड़े पहनकर जाते नजर आए। आज सुबह सर्दी के कारण बाजारों में भी सुबह 10 बजे तक चहल-पहल कम नजर आ रही थी।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर दिव्यांग अपराजित योद्धा सम्मान संवाद प्रसंग आयोजित



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गत दिनों विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय में दिव्यांग अपराजित योद्धा सम्मान संवाद प्रसंग आयोजित किया गया। इस अवसर पर विक्रम विश्व विद्यालय के कुल गुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज ने अपने शुभकामना संदेश में संस्थान के इस सामयिक नवाचार परिसंवाद आयोजन को अपराजित योद्धाओं के योगदान को रेखांकित करते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरु व्यवसाय प्रबंध संस्थान के नवाचार की सराहना की। उन्होंने सामुदायिक स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ सस्टेनेबल डेवलेपमेंट गोल्स से जोड़ते हुए संबंधित पहलुओं पर भी प्रकाश उल्लेखित किया।वर्ष 2025 की थीम सामाजिक प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए दिव्यांग-सम्मिलित समाजों का निर्माण इस मूलभूत संदेश को रेखांकित करती है कि दिव्यांगजन की समावेशिता के बिना कोई भी समाज वास्तविक विकास हासिल नहीं कर सकता। पंडित जवाहरलाल नेहरु व्यवसाय प्रबंध संस्थान विक्रम विवि उज्जैन के आयोजन में विश्व विकलांग दिवस पर सम्राट विक्रमादित्य विवि उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज के मार्गदर्शन प्रेरणा से उपाधि शाखा में कार्यरत समर्पित सहयोगी अपराजित योद्धा श्री सुधीर चतुर्वेदी का शाल एवं श्रीफल, अंगवस्त्रम भेंट कर उनकी अथक अपराजित सेवाओं के लिए अभिनंदन किया गया।

# हरी सब्जियाँ सस्ती, मटर खा रहा 'भाव'

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शादियों का सीजन चलने के कारण टमाटर के दाम कम नहीं हुए हैं। हालांकि आम आदमी के लिए अ'छी खबर है कि मंडियों में हरी सब्जी की आवक बनी हुई है। इस कारण दाम घटे हैं। सब्जियों के दाम में बदलाव आया है।

हरी सब्जी की पैदावार में वृद्धि होने से इनके दाम पर असर पड़ा है, लेकिन आलू और टमाटर की आवक कम होने से इनके दाम अब भी अधिक हैं। थोक बाजार के मुकाबले रिटेल दुकानों पर सब्जियों के दामों में राहत कम मिली है। दरअसल सब्जियां सस्ती होने के बाद भी रिटेल दुकानों से उपभोक्ताओं को 'यादातर सब्जियां तीन से चार गुना दामों पर बेची जा रही है। दो दिन से थोक मंडी में सब्जियों के दाम बीते सप्ताह के मुकाबले आधे हो गए हैं। थोक मंडी में 'यादातर सब्जियां 15 से 20 रुपये किलो के दाम में बिकने लगी है। बीते दिनों सब्जियों की महंगाई से परेशान लोग अब राहत ले सकते हैं। आवक बढ़ने से दाम लगातार टूट रहे हैं। कारोबारियों के अनुसार आवक लगातार बढ़ेगी ऐसे में आगे रिटेल वालों को भी माल खपाने के लिए दाम और घटाना पड़ेंगे। थोक बाजार में हरी मिर्च 20 से 40 रुपये, बैंगन 15-20 रुपये किलो, मैथी-पालक 20-×0 रुपये, पत्ता गोभी 10-20 रुपये किलो, करेला 20-25 रुपये किलो,कद्दू 15-20 रुपये किलो, गिलकी 20 से 25 रुपये किलो, हरा धनिया ×0- 40 रुपये किलो, खीरा ककड़ी 15-20 रुपये किलो, फूल गोभी 20-×0 रुपये नग और टमाटर 500-600 रुपये क्रेट। इधर रिटैल में मटर के भाव 80 रुपए किलो तक लिए जा रहे हैं।

# पुलिस रिमांड पर ब्लैकमेलर कथित दो पत्रकार

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** दो कथित पत्रकारों को ब्लैकमेलिंग के आरोप में पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। दोनों मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के संयुक्त संचालक पर दबाव बनाकर रूपयो की मांग कर रहे थे। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि अलखधाम में रहने वाले मानसिंह पिता मानजी मुनिया भरतपुरी स्थित मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड में संयुक्त संचालक हैं। कुछ दिनों से उन्हें कथित पत्रकार संजय पिता बसंतीलाल कोठारी निवासी शिवांश वेली देवास रोड अपने सहयोगी धर्मेन्द्र पिता भूपेन्द्र शर्मा 41 वर्ष निवासी लक्ष्मी विहार आगर रोड के साथ मिलकर ब्लैकमेल कर रहे थे और 38 हजार डिमांड कर रहे थे। दोनों खुद को सच्चा प्रयास समाचार पत्र का संपादक बात कर रुपए नहीं देने पर लोकायुक्त में शिकायत दर्ज करने और झूठी खबरें प्रकाशित करने की धमकी भी दे रहे थे। संयुक्त संचालक की शिकायत पर दोनों पत्रकारों के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज किया गया था जिन्हें गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि दोनों के द्वारा की गई ब्लैकमेलिंग का शिकार कुछ और लोग सामने आ सकता है।

# 16 साल से कागजों में संवर रहा यह बस स्टैंड, जिम्मेदार बेफिक्र

## कभी पीपीपी, सिंहस्थ तो अब स्मार्ट सिटी में बनी प्लानिंग, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं, नगर निगम का भी ध्यान नहीं

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुराने शहर का देवासगेट बस स्टैंड। इसके उद्धार के लिए 15 साल से कागजों में तो कई प्लानिंग बनीं, लेकिन धरातल पर कोई नहीं उतर सकीं। साल 2004 के दरमियान स्टैंड व आसपास के क्षेत्र को पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप में संवारने को मंजूरी मिली थी, लेकिन जिम्मेदारों की अरुचि में यह फाइलों में ही रह गई।

इसके बाद कई प्रयास हुए और फिर सिंहस्थ 2016 के मद्देनजर इसे संवारने के दावे हुए। यह भी खोखले साबित होने पर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में इसे अत्याधुनिक स्वरूप देने की कागजी कवायद हुई। डेढ़ दशक से मुसाफिर बस अड्डे की जरूरी सुविधाओं से वंचित हैं, लेकिन आला जनप्रतिनिधियों ने इस ओर कुछ नहीं किया। धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र व महाकाल की नगरी होने के बावजूद यहां का अहम देवासगेट बस स्टैंड नई शक्ल नहीं ले पाया, जबकि आसपास नगर निगम के स्वामित्व की काफी जगह है और इसी मान से यहां विकास की कई संभावनाएं हैं, जो रोजगार सृजन के साथ इस क्षेत्र को नई पहचान दिला सकती है, लेकिन अब तक यह बस स्टैंड संवर नहीं सका। इसे सिंहस्थ 2016 के मद्देनजर संवारने की प्लानिंग बनीं। साधिकार समिति तक कई तरह के प्रस्ताव गए थे, लेकिन कुछ नहीं हुआ। निगम स्वामित्व की दुकानों को डिस्मेंटल कर नया मॉर्केट व पीपीपी मॉडल में विकास करने की मंजूरी मिली लेकिन राजनीतिक कारणों व अधिकारियों की इ'छा शक्ति में कमी होने से कोई भी प्लानिंग आगे नहीं बढ़ी। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में बस स्टैंड व रेलवे स्टैंड के बीच पैदल पुल। भवन को अत्याधुनिक संसाधनों से लैस कर यहाँ शॉपिंग बाजार की परिकल्पना की गई थी। यह प्रस्ताव भी फाईलों में रह गया। स्टैंड कब तक संवरेगा इसको लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता।

# सीईओ जिला पंचायत द्वारा खाचरौद में निरीक्षण किया गया



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट द्वारा शुक्रवार को खाचरौद के बेरछा क्लस्टर में आयोजित क्लस्टर अनुश्रवण शिविर के दौरान उन्हेल में निर्माणरत महाविद्यालय के भवन, घिनौदा में जैविक कृषि फार्म, बुरानाबाद में जवाहर नवोदय विद्यालय तथा आंगनवाडी केंद्र उमरना में आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने आंगनवाडी केंद्र के बच्चों से बातचीत की और केंद्र में मिलने वाली व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्हेल में निर्माणाधीत महाविद्यालय के निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

# एवरेज बिल से उपभोक्ता को नहीं मिल रहा छूटकारा

## शहर में 100 से 'यादा बिजली रीडर केवल इस काम में लगे



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** बिजली कंपनी हर बार दावा करती है कि एक'युअल बिल ही भेजे जाएँगे, लेकिन यह दावे फिसड्डी साबित हो रहे हैं। यह हाल तब है जब कम्पनी ने शहर में 100 से 'यादा मीटर रीडर केवल बिल रीडिंग के लिए लगा रखे हैं। बावजूद 5 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को एवरेज बिल ही भेजा जा रहा है। जिसका असर उपभोक्ता की जेब पर पड़ रहा हैं।

उल्लेखनीय है कि उ'जैन शहर में बिजली के तकरीबन एक लाख घरेलू उपभोक्ता है, 9 झोन के माध्यम से बिजली व्यवस्था संचालित की जाती है। हर झोन पर एवरेज बिलिंग कि शिकायतें आ रही हैं। टोल फ्री 1912 से लेकर कंपनी मुख्यालय तक के अधिकारियों के पास शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा हैं। जबकि इस संबंध में बिजली कंपनी के एमडी ने इसके लिए मुख्यालय अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि उपभोक्ता परेशान नहीं होना चाहिए और एवरेज बिलिंग की शिकायत बंद होनी चाहिए। उ'जैन शहर में लगभग 1 लाख 28 हजार घरेलू व व्यवसायिक बिजली के उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं के यहां मीटर रीडिंग के लिए 100 से अधिक मीटर रीडर काम कर रहे हैं। बावजूद लगभग 5 हजार उपभोक्ताओं की मीटर रीडर घर बैठे ही अंदाज से रीडिंग लिख रहे हैं। इधर बिजली विभाग कम खपत को देखते हुए उपभोक्ताओं को एवरेज खपत जोड़ कर बिल भेज रही हैं। इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती है। जबकि एवरेज बिल के विरोध में कई बार आमजन से लेकर शहर के जनप्रतिनिधि भी इसका विरोध कर चुके है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी उपभोक्ताओं की परेशानी पर ध्यान नहीं दे रहे है। सबसे 'यादा परेशानी बिल ठीक कराने के लिए आने वाले बुर्जुगों और महिलाओं को होती है। इन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार अधिकारियों के न मिलने से लोगों को कई चक्कर तक काटने पड़ते है।

# कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा- पेटेंट अधिकार विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पेटेंट अधिकार एक कानूनी अधिकार है जो किसी आविष्कार पर आविष्कारक को विशेष अधिकार देता है, ताकि वह उस आविष्कार को दूसरों को बनाने, उपयोग करने या बेचने से रोक सके।यह बात सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो.अर्पण भारद्वाज ने सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, की विधि अध्ययनशाला में बौद्धिक संपदा अधिकार जागरूकता विषय पर आयोजित विशिष्ट जागरूकता व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित करते हुए कहीं।विशेष व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ. शरद सालुंके,इंडियन पेटेंट एटर्नी, इंडियन पेटेंट ऑफिस तथा एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, पूर्णिमा विश्वविद्यालय, जयपुर ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न आयामों–पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिज़ाइन तथा इनके व्यावहारिक महत्व–पर विद्यार्थियों को विस्तृत एवं प्रभावी जानकारी प्रदान की। उन्होंने शोध, नवाचार तथा स्टार्ट-अप संस्कृति में IPR की भूमिका और आवश्यकताओं पर भी छात्रों को प्रेरक मार्गदर्शन दिया।कुलगुरु प्रो.भारद्वाज ने संबोधन में IPR जागरूकता को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि पेटेंट अधिकार एक सरकारी दस्तावेज़ है जो आविष्कारक को अपने आविष्कार के लिए कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है और आमतौर पर 20 वर्षों तक वैध रहता है। उन्होंने कहा कि यह कानूनी अधिकार दूसरों के शोषण से बचाता है और अपने नवोन्मेषी विचारों को सुरक्षित रखने में मदद करता है। पेटेंट किसी देश के शासकीय प्राधिकरणों द्वारा प्रदान किया जाता है, जो उस आविष्कार के लिए नया, उपयोगी और औद्योगिक रूप से लागू होने की शर्त पर निर्भर करता है।

# मेला अधिकारी श्री सिंह और कलेक्टर द्वारा सिंहस्थ महापर्व में आवागमन की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली गई




उज्जैन। शुक्रवार को मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के मद्देनजर यातायात और आवागमन व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक ली गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा एवं यातायात पुलिस के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में शहर में प्रवेश के मुख्य मार्गों के बारे में जानकारी दी गई कि प्रवेश के लिए मुख्य मार्ग इंदौर मार्ग, देवास मार्ग, मक्सी मार्ग, आगर मार्ग, उन्हेल-नागदा मार्ग, बड़नगर मार्ग और चिंतामण जवासिया मार्ग है।

सिंहस्थ 2028 के दौरान शाही स्नान/पर्व स्नान के दौरान यातायात मार्ग की प्रस्तावित व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। इसमें इंदौर मार्ग, देवास मार्ग, मक्सी मार्ग, आगर मालवा मार्ग, बड़नगर मार्ग, चिंतामण मार्ग में सार्वजनिक वाहन तथा निजी वाहनों के प्रवेश, पार्किंग व्यवस्था और वापसी की व्यवस्था के बारे में चर्चा की गई।

मेला अधिकारी श्री सिंह ने निर्देश दिए कि वाहनों की पार्किंग के लिए मेन पॉवर की अधिक आवश्यकता होगी तथा शहर में प्रवेश में मुख्य मार्गों पर शहर से कुछ दूरी पर पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे। जहां पर निजी वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। वहां से फिर यात्रियों को लाने, ले जाने के लिए सार्वजनिक बसों का संचालन किया जाएगा। शाही स्नान/पर्व स्नान पर यातायात की व्यवस्था अलग होगी। सिंहस्थ के सामान्य दिनों में अलग से व्यवस्था करना होगी। इसके लिए विस्तार पूर्वक कार्ययोजना बनाई जाने की आवश्यकता है। सार्वजनिक बसों का संचालन सिंहस्थ मेला लगने के प्रथम दिन से किया जाएगा।

दिव्यांग जन और वृद्ध लोगों के लिए अलग से स्नान की व्यवस्था की जाएंगी। मेला अधिकारी श्री सिंह ने इसके लिए कार्य योजना बनाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पार्किंग की व्यवस्था के लिए एक एजेंसी निर्धारित की जाएगी। इसके पश्चात इसका क्रियान्वयन किया जाएगा।

# विश्व मृदा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस के मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र एवं मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में किसान भाइयों के साथ साथ स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के द्वारा भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की गई ।कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों के द्वारा मृदा स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया । बताया गया कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अधिक मात्रा में प्रयोग करने से भूमि की उर्वरक शक्ति पर विपरित प्रभाव पढ़ते है। किसानों को सलाह दी गई कि मिट्टी परीक्षण कराना अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। मिट्टी परीक्षण उपरांत मृदा स्वास्थ्य कार्ड रिपोर्ट की अनुशंसा के आधार पर पोषक तत्वों का प्रबंधन किए जाने , विशेषकर प्राकृतिक खेती के मुख्य घटक जीवामृत , बीजामृत , पांचपत्ती अर्क और मल्चिंग के बारे में बारे में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि इनके प्रयोग करने से मिट्टी के स्वास्थ्य को अच्छा बनाये रखने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण एवं रसायन मुक्त उत्पादन लिया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

# 2 बोरी यूरिया के लिए किसानों की दो-तीन दिन चक्कर लगाना पड रहे

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 2 बोरी यूरिया खाद के लिए किसानों को 2 से 3 दिन तक परेशान होना पड़ रहा है, इसके बाद भी उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो पा रहा है क्षेत्र में लगभग 500 टन यूरिया की आवश्यकता बताते हुए पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर किसानों को 2 के स्थान पर 5 बोरी यूरिया उपलब्ध कराने, युरिया वितरण केन्द्र बढाने तथा यूरिया की शीघ्र आपूर्ति की मांग की है। पूर्व विधायक गुर्जर आज खाचरौद स्थित यूरिया वितरण केंद्र पहुंचे, जहां लंबी कतारों में खड़े किसानों ने उन्हें अपने दुख, दर्द से अवगत कराते हुए बताया कि सिर्फ 2 बोरी यूरिया लेने के लिए पहले दिन टोकन लेना पड़ता है, दूसरे दिन औपचारिकताएँ पूरी करनी पड़ती हैं, और तीसरे दिन कहीं जाकर यूरिया मिलता है कई बार नंबर आने तक यूरिया खत्म हो जाता है और किसानों को दूसरे दिन फिर आना पड़ता है। इस दौरान किसानों को एक ही काम के लिए तीन दिनों तक चक्कर लगाने पड़ रहे हैं किसानों ने बताया कि टोकन प्राप्त करने के लिए किसानों को रात से ही लाइन में लगना पड़ता है। पुरुष किसानों के साथ-साथ महिला किसान भी छोटे बच्चों के साथ भूखे, प्यासे घंटों लाइन में खडा रहना पड रहा है जिससे किसान पानी, चाय-नाश्ता, भोजन भी समय पर नही कर पा रहे है और दैनिक दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। यदि एक बार लाइन छोड़ी तो वापस अंत में लगना पड़ता है।

अतिवृष्टि और पीला मौजक से पहले ही सोयाबीन फसल बर्बाद हो चुकी है, जिससे किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में समय पर यूरिया नहीं मिलने से आगामी रबी फसल प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। नागदा क्षेत्र के अनेक गांवों के किसानों को खाद के लिए खाचरौद स्थित एकमात्र वितरण केंद्र तक आना पड़ रहा है।

# जनपद पंचायत खाचरौद के बेरछा क्लस्टर में क्लस्टर अनुश्रवण शिविर आयोजित किया गया

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शुक्रवार को कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत खाचरौद के बेरछा क्लसटर की ग्राम पंचायत झांझाखेडी, बेरछा, बनवाडा, कलसी, निम्बोदियाकलां, निपान्या, रतन्याखेडी, रजला, टुटियाखेड़ी,अटलावदा में क्लस्टर अनुश्रवण शिविर का आयोजन किया गया। दोपहर के पश्चात बेरछा सेक्टर की ग्राम पंचायत बेरछा के पंचायत भवन प्रांगण में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को आयोजित किए गए क्लस्टर अनुश्रवण शिविर में प्रातः 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक शासन की विभिन्न योजनाओं के अनुश्रवण के लिए अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा ग्राम पंचायतों के भ्रमण उपरांत पंचायत भवन में बैठकर प्राप्त समस्याओं/ शिकायतों को ग्राम पंचायत सचिव के पास उपलब्ध पंजी में दर्ज किया गया।

# 6 दिसंबर से 12 दिसंबर तक निगम के समस्त जोन कार्यालयों में सीएम हेल्पलाइन 181 सप्ताह मनाया जाएगा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सीएम हेल्पलाइन (181) जैसी महत्वपूर्ण जनहित सेवा अंतर्गत नगरीय निकायों में लंबित शिकायतों का आवेदनकर्ताओं कि संतुष्टता के साथ निराकरण कराए जाने के उद्देश्य से सीएम हेल्पलाइन (181) सप्ताह मनाया जाना है जिसमें सीएम हेल्पलाइन (181) सप्ताह के समय अवधि में योजनाबद्ध तरीके से लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाएगा इसके लिए उज्जैन नगर पालिक निगम द्वारा आज दिनांक 6 दिसंबर से लेकर 12 दिसंबर तक समस्त जोन कार्यालयों में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 तक लेवल 1 एवं लेवल 2 अधिकारी अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहकर लंबित शिकायतो का निराकरण करेंगे।

निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी ग्रेडिंग पर प्राप्त समस्त शिकायतों का शत प्रतिशत संतुष्टि पूर्वक निराकरण भी उक्त समय अवधि में कराया जाना सुनिश्चित करें, सीएम हेल्पलाइन पर 50 एवं 100 दिवस तथा इससे अधिक समय से लंबित समस्त शिकायतों का शत प्रतिशत संतुष्टि पूर्वक निराकरण भी उक्त समय अवधि में करेंगे, भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं (जैसे पात्रता पर्ची, नामांतरण, सामाजिक न्याय संबंधित योजना, संबल योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि) से संबंधित शिकायत का निराकरण प्राथमिकता से किया जावे, भ्रष्टाचार संबंधित शिकायतों का विषय संज्ञान लेकर उन शिकायतों की जांच की जावे।

स्थलों की जानकारी- दिनांक 6 दिसंबर शनिवार को जोन क्रमांक 01, दिनांक 8 दिसंबर सोमवार को जोन क्रमांक 2, दिनांक 9 दिसंबर मंगलवार जोन क्रमांक 3, दिनांक 10 दिसंबर बुधवार जोन क्रमांक 4, दिनांक 11 दिसंबर गुरुवार जोन क्रमांक 5 दिनांक 12 दिसंबर शुक्रवार जोन क्रमांक 6।

# 13 दिसंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। शासन निर्देशानुसार 13 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर निगम के समस्त झोन कार्यालयों में किया जाएगा। जिसमें करदाता अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा करा कर दी जा रही विशेष छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं

आयुक्त नगर निगम द्वारा आम करदाताओं की सुविधा के लिये समस्त झोन कार्यालयों में नेशनल लोक अदालत अन्तर्गत सम्पत्ति कर जमा कराए जाने के क्रम में विशेष व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं। करदाता संपत्ति कर संबंधित झोन कार्यालय में एवं जलकर चामुंडा माता चौराहे पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कार्यालय मे जमा करा सकेंगे

छूट की पात्रता- नेशनल लोक अदालत में संपत्ति कर के ऐसे प्रकरण, जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर एवं अधिभार की राशि 50 हजार रुपये से अधिक तथा एक लाख रुपये तक है उनमें 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी, सम्पत्ति कर के जिन प्रकरणों में कर तथा अधिभार की राशि 01 लाख रुपये से अधिक बकाया है उसमें अधिभार में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी

जल कर/उपभोक्ता प्रभार के ऐसे प्रकरण, जिनमें जल कर एवं अधिभार की राशि 10 हजार रुपये तक बकाया है, उनमें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। ऐसे प्रकरण, जिसमें जल कर/उपभोक्ता प्रभार तथा अधिभार की राशि 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार तक बकाया है जिसमें अधिभार में 75 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी।